माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 21, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6- संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 16

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 15


## 11 शहरों में 30 ठिकानों पर आयकर का छापा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पशु आहार बनाने वाली कंपनी इवा एक्जोटिका कंपनी के ठिकानों से मिला 2.50 करोड़ रुपये
- कोलकाता, लखनऊ, बहराइच, पटना, आरा व गुवाहाटी में आयकर विभाग ने की छापेमारी

**अमृत विचार:** आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पशु आहार बनाने वाली कंपनी के 11 शहरों के 30 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान टीम को 2.50 करोड़ रुपये मिले। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे है। कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रहने की संभावना है।

पशु आहार (मुर्गी दाना आदि) बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका प्रा. लि. द्वारा टैक्स चोरी करने की जानकारी मिलने पर आयकर विभाग लखनऊ की जांच इकाई ने टीम ने छापा मारा। इसकी शुरुआत बहराइच के एक धर्म कांटा से हुई थी। जिसके बाद अचानक लखनऊ में सर्च शुरू हुई। इसके बाद टीम ने कंपनी ने चार प्रदेशों के 11 शहरों के 30 ठिकानों पर मंगलवार देर रात छापा मारा।

टीम ने लखनऊ, बहराइच, सोनभद्र, चंदौसी, हरदोई, बिहार के आरा, पटना, कोलकाता, सिलीगुड़ी और गुवाहाटी में कंपनी के ठिकानों पर पड़े छापों में बुधवार दोपहर तक करीब 2.50 करोड़ रुपये नकद और तमाम दस्तावेज बरामद हुए हैं। छापे की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रह सकती है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक लखनऊ निवासी नवनीत गीडिया की कंपनी इवा एग्जोटिका के बारे में सूचना मिली थी वह फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी को अंजाम दे रही है। इस सूचना के बाद जब आयकर विभाग ने कंपनी के लेन-देन को खंगाला तो तमाम वित्तीय अनियमितताओं का पता चला। इवा एग्जोटिका कोलकाता में पंजीकृत है। कंपनी के निदेशक नवनीत गीडिया, विजय कुमार गीडिया और विनीत कुमार गीडिया हैं। कंपनी का मुख्य कार्यालय कोलकाता के न्यू टाउन एरिया के डीएलएफ गैलेरिया में है। कंपनी के सभी ठिकानों की जानकारी जुटाने के बाद छापा मारने का निर्णय लिया गया।

## यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में लिखा स्वर्णिम अध्याय

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया अबू धाबी के पहले मंदिर का लोकार्पण

अबू धाबी, एजेंसी

- 27 एकड़ में क्षेत्रफल में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से हुआ निर्माण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामीनारायण संप्रदाय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के बीच अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। हल्के गुलाबी रंग का रेशमी कुर्ता पजामा, बिना बांह वाली जैकेट और पटका पहने हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में पूजा विधि में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने 'वैश्विक आरती' में भी भाग लिया जो बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा दुनियाभर में बने स्वामीनारायण संप्रदाय के 1200 से अधिक मंदिरों में एक साथ आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। इससे पहले मोदी ने यहां पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले विभिन्न संप्रदायों के लोगों से मुलाकात की। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मंदिर के उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर अधिकारियों के अनुसार शिल्प और स्थापत्य शास्त्रों एवं हिंदू ग्रंथों में उल्लेखित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार भव्य मंदिर बनाया गया है। बीएपीएस के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा, यहां वास्तुशिल्प पद्धतियों को वैज्ञानिक तकनीकों के साथ जोड़ा गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर 300 से अधिक उच्च तकनीक वाले सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है तो मंदिर इसका पता लगा लेगा और हम अध्ययन कर सकेंगे। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है।



अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## चित्रकूट में आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट से चार लोगों की मौत

### बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

- हादसे में सभी मरने वाले थे छात्र महोत्सव में घूमने को पहुंचे थे

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समापन समारोह से पहले ही आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट हो गया। अफरा-तफरी और भगदड़ के बीच विस्फोट से चार युवकों की मौत हो गई। देर शाम मरने वालों की शिनाख्त हो गई। विस्फोट के बाद महोत्सव स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी के पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जो इतना जबर्दस्त था कि पैनल के पास मौजूद चार लोग लगभग 30 फीट तक उछल गए। एक युवक कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा और उसके चीथड़े उड़ गए। तीन युवक नीचे मैदान पर गिरे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। देर शाम इनकी शिनाख्त कर्वी के मिशन चौराहा निवासी प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, कर्वी माफी के विद्या नगर निवासी यश पुत्र विश्व प्रताप, पारस पुत्र कंशराज और मोहित पुत्र मुकेश के रूप में हुई। ये चारो छात्र थे और महोत्सव में घूमने पहुंचे थे। इनमें से मोहित (15) को छोड़कर तीनों 13-14 साल के थे। विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।



विस्फोट के बाद बचाव एवं राहत कार्य में जुटे पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुःख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दु :ख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच- पांच लाख रुपये और घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का नि :शुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

### जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाईः डीएम

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत रात में आयोजकों की ओर से आतिशबाजी का शो रखा गया था। अपराह्न 310 बजे विस्फोट हुआ, जिनमें दो की मौके पर ही मौत हो गई है, दो घायलों की प्रयागराज ले जाते समय सांसें थम गईं। कहा कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बेहमई कांड में 43 साल बाद फैसला, एक को उम्र कैद

### 14 फरवरी 1981 की घटनाः साक्ष्यों के अभाव में एक आरोपी को कोर्ट ने किया दोष मुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कतार में खड़ाकर चलाई गई थी गोली, 20 लोगों की हुई थी मौत

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बेहमई कांड के बहुप्रतीक्षित मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 43 साल पहले 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ लूटपाट करते हुए एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ा कर उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। इस नरसंहार में 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस नरसंहार के मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। इस मुकदमे की 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए।

सुनवाई के दौरान अदालत में कई चक्रों में अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस हुई। दोनों पक्षों की ओर से अदालत में लिखित बहस भी दाखिल की गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, वहीं दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।



आत्मसमर्पण के दौरान फूलन देवी । (फाइल फोटो)

## नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भाजपा ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मध्य प्रदेश से उम्मीदवार घोषित किया। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन के अलावा उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पहली सूची में सोनिया गांधी का नाम सबसे प्रमुख था। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से वरिष्ठ नेता चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

## केजरीवाल को धनशोधन के मामले में ईडी का छठा समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा था। अदालत ने कहा था कि केजरीवाल प्रथम दृष्टया इसका अनुपालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं।

## मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

### दिल्ली चलो मार्च

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

### केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

**चंडीगढ़।** तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

### राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।




अमृत विचार
www.amritvichar.com



# नये भारत का नया उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट :** 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

**देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट**
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

**सर्वाधिक एक्सप्रेसवे**
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

**सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज**
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

**उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण

जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

















**प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** से 2.63 करोड़ किसानों को 64,694 करोड़ रुपये हस्तांतरित

**प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

**पीएम कुसुम योजना** के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन

**आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना** में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

**हर घर जल योजना** के तहत 2.03 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

**पीएम स्वनिधि योजना** के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

**स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी)** के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

**पॉवर फॉर ऑल** के तहत 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन

**24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन** प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

**पीएम मित्र योजना** के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

**सेफ सिटी परियोजना** के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

**स्मार्ट सिटी परियोजना** में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

**मनरेगा** के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण

मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

**करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो**

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### सीएम डैश बोर्ड में 7वें स्थान पर बाराबंकी पुलिस

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सीएम –डैश बोर्ड ( दर्पण ) के तहत बीती जनवरी में मिली शिकायतों के निस्तारण की रैंकिंग में बाराबंकी को प्रदेश में सातवां स्थान मिला है। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में कानून व्यवस्था व उच्च स्तरीय पुलिस प्रबन्ध के लिए सीएम– डैश बोर्ड ( दर्पण ) पर जनवरी–2024 की रैंकिंग बुधवार को जारी हुई। इसमें प्रदेश में बाराबंकी को सातवां स्थान मिला।

### सामूहिक दुष्कर्म का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** युवती को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे अरमान को पुलिस ने केसरीपुर क्रासिंग के समीप बुधवार को दबोच लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। इससे पहले पुलिस ने इस मामले के एक आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था।

### अपहृता बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी पुलिस ने अपहृत की गई युवती को मंगलवार को बरामद कर लिया। उसके बाद उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया।

# दुर्घटना में पुत्र समेत दो लोगों की मौत, पिता की हालत गंभीर

## रामनगर मार्ग पर हुआ हादसा, वैवाहिक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे तीनों

**रफ्तार की मार**

- तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से कार के उड़े परखचे
- घायलों को अस्पताल भेजने की बजाय पुलिस की प्रतीक्षा करते रहे लोग

फतेहपुर, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** रामनगर मार्ग स्थित एक मैरिज लॉन के सामने मंगलवार की रात करीब दो बजे तेज रफ्तार वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक सात वर्षीय बालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना में कार चला रहा बालक का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे।



अज्ञात वाहन की टक्कर से कार के उड़े परखचे। अमृत विचार

देवा कोतवाली क्षेत्र के माधवगंज निवासी सौरभ वर्मा मंगलवार को अपने सात वर्षीय बेटे अयांश और जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के छोलहा कोडरी निवासी परिचित आकाश यादव के साथ फतेहपुर थाना क्षेत्र के मिरदहनपुरवा गांव में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। यहां से सभी रात करीब दो बजे कार से वापस निकले। जहां से सौरभ सुढियामऊ में रिश्तेदार के घर पत्नी को लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान फतेहपुर-रामनगर मार्ग पर स्थित एक मैरिज लॉन के सामने अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखचे उड़ गए और उसके दरवाजे लॉक हो गए। हादसे में कार सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने की बजाय घटना की सूचना पुलिस को दी और उसके आने का इंतजार करते रहे। करीब 40 मिनट बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के शीशे और छत तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। तीनों घायलों को सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया गया। जहां बालक अयांश और आकाश को चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सौरभ को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की सूचना वैवाहिक समारोह वाले घर में पहुंची तो शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध दशा में एक युवक का शव घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटकता मिला। यह देख परिजन उसे फंदे से नीचे उतारकर एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना देवा कोतवाली के माती चौकी क्षेत्र की है। यहां के चचेरा गांव निवासी दिनेश के 19 वर्षीय पुत्र अजीत का शव मंगलवार की रात घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई तो कमरे में जाकर देखा तो युवक फंदे से लटकता मिला। परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष का कारावास

**अदालत से**

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** करीब सात वर्ष पहले नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने के अभियुक्त को दोषी मानते हुए अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार को उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास और नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला कुर्सी थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवासिनी किशोरी से वर्ष 2017 में शेखवापुर गांव निवासी जय सिंह ने छेड़छाड़ की थी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने मारपीट, छेडखानी, धमकी और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त जय सिंह को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास और नौ हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

### मार्फीन तस्कर को ढाई साल की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मार्फीन तस्कर को अपर जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी करार देते हुए ढाई साल का कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला मसौली थाना क्षेत्र का है। 23 अगस्त 2021 को थाने के दारोगा कन्हैया पाण्डेय ने थाना क्षेत्र के कटरा निवासी शकील वारसी उर्फ संजय दत्त को 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। उसके बाद थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेजा। विवेचना के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई कर रही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त शकील वारसी उर्फ संजय दत्त को दोषी मानते हुए उसे ढाई वर्ष का कठोर कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# बारिश के कारण बढ़ी गलन

**बदला मौसम**

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक सप्ताह से साफ हुए मौसम के बाद बुधवार की सुबह से ही आसमान में बादल छा गए । उसके बाद जमकर बारिश हुई। इसके कारण एक बार फिर सर्दी ने दस्तक दे दी।


बारिश के कारण सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

बुधवार की सुबह से आसमान में छाए बादलों से दोपहर में बारिश शुरु हो गई। बारिश के बाद बढ़ी ठंड ने लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़ों की याद दिला दी। बारिश ने एक बार फिर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। क्षेत्र के किसानो का कहना है कि सरसों की अगैती फसल खेतों में कटी पड़ी है। उसमें फफूंदी लगने की संभावना बढ़ गई है। बारिश के बाद तेज हवा चलने से खेतों में खड़ी सरसों की फसल को गिरने का भी खतरा उत्पन्न होगा। हालांकि, बारिश से गेहूं की फसल को जरूर फायदा मिलेगा।

खेतो में लगी आलू की फसल पर बादल संकट बनकर बरसे हैं। बीते 10 दिनों में दोबारा बारिश हुई है। वहीं आलू की अगैती फसल पककर तैयार हो गई है किसान आलू को खोदने की जुगत में हैं। मौसम में परिवर्तन के कारण किसान आलू को लेकर भी परेशान हैं। किसानों ने बताया कि और अधिक बारिश होगी तो आलू की फसल खेतो में सड़ जाएगी ।

## सड़क दुर्घटना में कर्मचारी की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** निजी अस्पताल से दवा लेने जा रहा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजन घायल कर्मचारी को लेकर ट्रामा सेंटर लखनऊ पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना सुबेहा अंतर्गत पांडे का पुरवा मजरे अमरवल किरसिया गांव निवासी विजय कुमार यादव (45) पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलवा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात था। बुधवार को भेल जगदीशपुर स्थित निजी अस्पताल से दवा लेने गए थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लाये जहां से उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

# 215 ग्राम मार्फीन के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**कार्रवाई**

- शातिर पर विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं 13 मुकदमे

**अमृत विचार :** सफदरगंज थाने की पुलिस टीम ने बुधवार को मादक पदार्थ के तस्कर व थाने के हिस्ट्रीशीटर को 215 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद तस्कर को थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।



सफदरगंज के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की टीम ने बुधवार को थाना क्षेत्र के रामपुर कटरा निवासी तस्कर जुबेर उर्फ अलबेली को गांव के बाहर से 215 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मार्फीन के साथ पकड़ा गया तस्कर जुबेर उर्फ अलबेली थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उन्होंने बताया कि शातिर पर थाने में पहले से चोरी, शस्त्र अधिनियम, गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, एनडीपीएस, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट के 13 मुकदमे दर्ज हैं।

# जूट प्रोडक्ट कार्यक्रम में प्रशिक्षित किए गए उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बैंक ऑफ़ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में चल रहा जूट प्रोडक्ट कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हो गया। इस कार्यक्रम में जूट प्रोडक्ट उद्यमी बैच को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित युवा उद्यमियों को मुख्य विकास अधिकारी ए. सुथान ने प्रमाण पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। सभी को मेहनत और लगन के साथ काम करने का संदेश दिया।


सीडीओ का किया गया स्वागत।

इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक विवेक कुमार, फैकल्टी उमेश शाही और शोएब अंसारी, ऑफिस असिस्टेंट वैष्णवी श्रीवास्तव और प्रदीप शर्मा, अटेंडर प्रिन्स, प्रशिक्षक पिंकी मदेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 39 लीटर शराब के साथ 4 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने बुधवार को 39 लीटर शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

सुबेहा पुलिस की टीम ने मल्लाहन पुरवा मजरे थलवारा निवासी राजू और कैथी मजरे मुस्तफाबाद निवासी बुधराम रावत को 19 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। देवा कोतवाली की पुलिस टीम ने 10 लीटर शराब के साथ सैंहारा निवासी राम मिलन गौतम को पकड़ा। दरियाबाद थाने की पुलिस टीम ने मल्लूलालपुर निवासी सर्वेश को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।



भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के कार्यकर्ता । अमृत विचार

### विभिन्न दलों के 57 कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अन्य दलों से भाजपा में शामिल होने वालों का सिलसिला जारी है। बुधवार को भाजपा कार्यालय में एमएलसी अंगद सिंह ने दरियाबाद क्षेत्र के 57 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रधान शिव बरादीन, प्रधान अमित कुमार सिंह, प्रधान सैय्यद गुरान और राम प्रकाश गौतम, बीडीसी सहीम व रमाकांत गोस्वामी, राम सजीवन, सपा के बूथ अध्यक्षों में जीत बहादुर, शिव प्रताप सिंह, अखंड प्रताप शामिल रहे। सभी का जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने माला व पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी, रामेश्वरी त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ज्ञान और तकनीक से लक्ष्य प्राप्त करें छात्र-छात्राएं


पूर्व मंत्री राकेश वर्मा के साथ स्मार्टफोन पाने वाले छात्र–छात्राएं।

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत छात्र–छात्राओं को नि :शुल्क स्मार्टफोन वितरित किए गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैदपुर विधायक गौरव रावत एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने 104 छात्र छात्राओं को फोन वितरित किये। छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधायक गौरव रावत ने कहा कि ज्ञान एवं तकनीक के प्रयोग द्वारा आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा को तकनीक से जोडने की नितांत आवश्यकता है। अब इसके बिना छात्र–छात्राओं का आगे बढ़ना मुश्किल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. गयाप्रसाद दुबे ने की। इस मौके पर प्राध्यापक बृजेश कुमार, अनुपम जायसवाल, चंचलरानी, डॉ. पुनीत वर्मा, डॉ. अनुराग कृष्ण यादव सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।


सागर इंस्टीट्यूट में छात्रा को स्मार्टफोन प्रदान करते भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य।

### 150 छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सागर इंस्टीट्यूट में भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बुधवार को विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने स्मार्टफोन पाने वाले छात्र–छात्राओं को अपनी पढ़ाई में डिजिटल तकनीक का बेहतर उपयोग करने का आह्वान किया। कुल 150 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस अवसर पर डायरेक्टर सुनील झुनझुनवाला मौजूद रहे।

### पांच मामले अर्थदंड के साथ निस्तारित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में अलग–अलग अदालतों ने पांच मामले अर्थदंड व न्यायालय उठने की सजा के साथ निस्तारित किए। सतरिख थाने में शराब के साथ पकड़े गए आबकारी अधिनियम के अभियुक्त पटितिया निवासी दिनेश कुमार को 15 सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। रामसनेहीघाट कोतवाली में मारपीट के अभियुक्त पूरे बाजार निवासी हरिनाम को न्यायालय उठने तक की सजा और आठ सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जैदपुर थाने में दर्ज मोबाइल चोरी के मुकदमे के अभियुक्त सतांवा निवासी पप्पू उर्फ नान को एक हजार रुपये जुर्माना और जेल मे बिताई गई अवधि की सजा से दण्डित किया । वहीं असंद्रा थाने में मोबाइल चोरी के अभियुक्त अयोध्या के मवई थाना क्षेत्र के निवासी शमशुद्दीन उर्फ अब्दुल्ला को दो हजार रुपये जुर्माना और जेल में बिताई गई अविध की सजा सुनाई। मसौली थाने में दर्ज लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में अभियुक्त अयोध्या के महराजगंज थाना क्षेत्र के कुर्की निवासी फरोग कुरैशी को एक हजार रुपये जुर्माना व जेल मे बिताई गई अवधि की सजा से दण्डित किया ।

### गिले-शिकवे भूल साथ रहने को राजी हुए दो दंपति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सात फेरे में बंधने के बाद साथ–साथ जीने की कसम खाने वाले दो जोड़े आपसी मनमुटाव के चलते अलग हो गए। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने ऐसे जोडो की काउंसिलिंग करने के लिए परिवार परामर्श केंद्र में बुलाया। यहां पर काउंसलरों की बात मानकर बुधवार को दो दंपति गिले–शिकवू भूलकर साथ रहने को राजी हो गए। बुधवार को पुलिस लाइन में महिला सहायता प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में 12 मामलों में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। इसके सापेक्ष आठ मामलों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। यहां काउंसिलिंग कर दो मामलों में सुलह–समझौता कराया गया। इसके बाद राजी खुशी दो जोड़े एक बार फिर साथ–साथ रहने की कसम लेकर विदा हुए।

**व्यवस्था** चार किस्त के लाभ से वंचित किसानों को ई–केवाईसी कराने पर ही मिलेगी 16वीं किस्त

# ई–केवाईसी ने रोकी 55 हजार किसानों की सम्मान निधि

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ई-केवाईसी न होने से 55 हजार किसानों की सम्मान निधि अटक गई है। चार किस्तों का लाभ किसानों को न मिलने से दो हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ऐसे में सम्मान निधि की 16वीं किस्त के लाभ के लिए किसानों को ई-केवाईसी (इलेक्ट्रानिक प्रमाणीकरण) इसी माह कराना होगा ताकि उनको आने वाली सम्मान निधि की अगली किस्त का लाभ मिल सके।




जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ 5.10 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा है। इसमें शामिल नए पंजीकरण कराने वाले 42 हजार किसानों को भी चार-चार किस्तें मिल चुकी है। सम्मान निधि की 11 वीं किस्त का लाभ पहले पंजीकरण कराने वाले 4.69 लाख किसानों को मिला था। इसके बाद ई-केवाईसी न कराने वाले 55 हजार किसानों की सम्मान निधि रोक दी गई। सम्मान निधि न आने के के कारण किसान विभाग के चक्कर काटने लगे। यहां पर तो किसानों का भू-लेख अंकन और आधार अपडेट कंप्लीट था। ऐसे में किसानों की सम्मान निधि क्यो रुकी, संबंधित पटल सहायक भी इसका कारण बताने में अस्मर्थ दिखे। इसके बाद 12 वीं , 13वीं, 14वीं और 15 वीं किस्त भी आ गई। मगर, इन 55 हजार किसानों की सम्मान निधि अटकी रही। अधिकारियों ने इसको लेकर मुख्यालय स्तर से जानकारी जुटानी शुरू की तो पता चला कि ई-केवाईसी न होने से इन किसानों की सम्मान निधि रोकी गई है। इसको लेकर किसानों को 16वीं किस्त के लाभ के लिए ई-केवाईसी कराने की अपील की गई है। इसको लेकर जहां विभाग ने कृषि विभाग के स्थानीय कर्मचारियों को निर्देशित किया है। वहीं किसानों को जनसेवा केंद्र से भी के-वाईसी कराई को कहा गया है।

### पंचायतों में चलाया जा रहा 10 दिवसीय अभियान

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ किसानों को मिले। इसको लेकर कृषि विभाग अभियान चलाकर किसानों की ई–केवाईसी कराएगा। इसके लिए 12 फरवरी से 21 फरवरी तक कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर गांव–गांव में किसानों की ई–केवाईसी कराएंगे। किसान कृषि विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर ई–केवाईसी करा सकते है। जनसेवा केंद्र से भी ई–केवाईसी कराई जा सकती है।

### करायी जा रही ई-केवाईसी

निदेशालय से ई–केवाईसी न कराने वाले 55 हजार किसानों की सूची मिली है। जिनकी ई–केवाईसी गांव स्तर पर विभागीय कर्मचारियों को लगाकर कराई जा रही है। सूची में शामिल कुछ किसानों का निधन भी हो चुका है। किसानों को 16वीं किस्त का लाभ मिले इससे पहले ई–केवाईसी कराने का प्रयास है।

–**श्रवण कुमार**, उप कृषि निदेशक

## हजरतपुर में मृत मिला राष्ट्रीय पक्षी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर में राष्ट्रीय पक्षी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने मोर के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा दिया है। ग्राम पंचायत हजरतपुर में गांव के पश्चिम एक यूकेलिप्टस बाग में ग्रामीणों ने मृत मोर को देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर वन निरीक्षक तुषार कुमार टीम के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस सम्बन्ध में वन दरोगा तुषार ने बताया कि मोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।

## एक नजर

### सार्वजनिक स्थान पर दांव लगा रहे 5 आरोपी बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को असंद्रा पुलिस ने बुधवार को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से नौ हजार दो सौ रुपये भी बरामद किये। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी। पुलिस ने बुधवार को सिद्धौर कस्बे के निवासी अनिल तिवारी, महफूज तौफीक, मुकेश व रामेंद्र को दबोचा। जामा तलाशी व फड़ से 9200 रुपये बरामद किये गए।

### पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित को दबोचा

बाराबंकी, अमृत विचार : नाबलिग के साथ कुकर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को फतेहपुर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पैगुआ गांव निवासी गुड्डू रावत उर्फ शिवकुमार घटना के बाद से फरार था।

### तीन वारंटी और 14 वांछित किये गये गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर तीन वारंटी और 14 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं विभिन्न थानों में अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 32 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

### चाकू के साथ दो दबोचे गए

बाराबंकी : जैदपुर और दरियाबाद थाने की पुलिस टीम ने चाकू के साथ दो आरोपियों को दबोचा। जैदपुर पुलिस ने हरख निवासी जाबिर को चौराहे से चाकू के साथ तथा दरियाबाद पुलिस ने पूरे कामगार निवासी आफताब को अलियाबाद मार्ग से दबोचा।

### तमंचे के साथ बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : जैदपुर थाने की पुलिस ने बुधवार को मोहल्ला मेहंदी कटरा निवासी मो.वकील को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।

# श्रद्धा से मनी वसंत पंचमी, विद्या के मंदिरों में पूजी गयीं मां सरस्वती

## सभी विद्यालयों में सरस्वती पूजन की रही धूम, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया हवन-पूजन

त्योहार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में मां सरस्वती की पूजा करते शिक्षक एवं छात्र। अमृत विचार


रामनगर में मां सरस्वती का पूजन करते नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक तथा पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत।

**अमृत विचार :** वसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को विद्यालयों में विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन-अर्चन किया गया। सभी विद्यालयों में सरस्वती पूजन की धूम रही। विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वसंत पंचमी के अवसर पर कई मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा हवन-पूजन किया गया। लोगों ने एक दूसरे को वसंत उत्सव की बधाई दी।

गुरुकुल नगर स्थित बाबा गुरुकुल एकेडमी में बुधवार को वसंत उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रशासक मनदीप सिंह ने अपनी पत्नी डा. नंदिनी के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया। तदोपरांत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हरपाल सिंह, प्रधानाचार्य आरपी सिंह व समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

हैदरगढ़ में वसंत पंचमी के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में मां सरस्वती की प्रतिमा पूजा-अर्चना के बीच नवनिर्मित मंदिर में स्थापित की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष आलोक तिवारी, प्रधानाध्यापिका आशा देवी, अधिवक्ता अचल मिश्रा, विक्की पांडे, सुनील त्रिवेदी, शिक्षक नेता विवेक गुप्ता, अधिवक्ता विभोर गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक श्रवण कुमार शुक्ला, योगेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, पंकज मिश्रा, नितिन मौर्य, शिवा वर्मा, विजय हिंदुस्तानी आदि मौजूद रहे।

नगर के भटखेरा वार्ड स्थित जय महाकालेश्वर शिव मंदिर पर रामायण के अखंड पाठ के समापन के बाद हवन-पूजन हुआ। मंदिर समिति के प्रबंधक व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी द्वारा आयोजित भंडारे में राजेंद्र पांडेय, महेश मिश्रा, सौरभ द्विवेदी, सभासद सूरज दीक्षित, सभासद विपिन सोनी, आशू अवस्थी, भाजपा महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, अंकित साहू, अजयदीप सिंह, सुधीर अवस्थी, भानू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कस्बा निवासी सोनू द्विवेदी के आवासीय परिसर में भी वसंत पंचमी के अवसर पर हवन-पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। हवन-पूजन में अध्यक्ष आलोक तिवारी, माता प्रसाद अवस्थी, पंकज मिश्रा, नितिन मौर्य, गोविंद सिंह, स्कंद तिवारी, पवन अवस्थी व बच्चा सिंह आदि मौजूद रहे। मां सरस्वती क्लासेस पेचरूआ हैदरगढ़ में छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की पूजा आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में भारती पांडे, विष्णु कुमार पांडे, मुकेश कुमार पांडे, शालिनी पाण्डेय, बृजेश मिश्र, रोहित, विजय कुमार लोधी आदि थे। सिरौलीगौसपुर स्थित रामेश्वर इंटर कालेज मरकामऊ में वसंत पंचमी का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया गया। कालेज के प्रबंधक, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने मां शारदे की पूजा-अर्चना की। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय प्रबंधक ब्रजेश कुमार शुक्ला एवं रश्मि शुक्ला ने छात्रों को पुरस्कृत किया। चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी, सीतादेवी महाविद्यालय बरौलिया, सुंदर लाल इंटर कॉलेज औरेला, जनता इंटर कॉलेज बदोसराय सहित विभिन्न स्थानों पर वसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। टिकैतनगर के न्यू समता एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश चंद्र गुप्ता एवं प्रबंधक शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने मां शारदे की पूजा-अर्चना की। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। गोकुल प्रसाद एवं रामकुमारी सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा गांधी भवन में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं. अश्वनी कुमार मिश्र, समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, विनय कुमार सिंह, पाटेश्वरी प्रसाद, पूर्व विधायक सरवर अली, मृत्युंजय शर्मा, हुमायूं नईम खान, सत्यवान वर्मा, जमाल नईम खान, मनीष सिंह, अशोक जायसवाल, नीरज दूबे, रंजय शर्मा, संतोष शुक्ल, सभासद अश्वनी शर्मा, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, राजू सिंह, विजयपाल गौतम आदि मौजूद रहे।

फतेहपुर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में बसंत महोत्सव के अवसर पर शिलान्यास, विद्यारंभ व सरस्वती संस्कार तथा मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर समारोह की शुरुआत की गयी। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सह प्रांत प्रचारक संजय, विभाग संचालक अयोध्या गंगा बक्श सिंह, प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र वर्मा, उमेश चंद्र द्विवेदी, एमएलसी अवनीश सिंह, एमएलसी अंगद सिंह, जिला प्रचारक सुदीप, डा. रामकुमार गिरी आदि मौजूद रहे।


रामेश्वर इंटर कॉलेज में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रबंधक।

### विद्यालय में स्थापित की गयी मां सरस्वती की प्रतिमा

रामनगर स्थित भगवान देवी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी के अवसर पर प्रतिमा स्थापना, कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने पहुंचकर पूजा-अर्चन कर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विद्यालय के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत रामनगर के चेयरमैन रामशरण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में माता सरस्वती की प्रतिमा के साथ विद्यालय के लिए अपनी भूमि दान देने वाले स्व. पाटन शाह एवं उनकी पत्नी भगवान देई की प्रतिमा भी स्थापित की गई। विद्यालय परिसर में बनवाए गए इस मंदिर में हवन -पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, होली प्रसाद शुक्ला, देवी प्रसाद मिश्रा, सीताराम गुप्ता, प्रबंधक संजय यादव, प्रधानाचार्य ब्रजलता जैन, देवेंद्र मौर्य, घनश्याम शर्मा, शिखा पांडेय, अनिरुद्ध दीक्षित, त्रिभुवन मौर्य, पुजारी तिवारी, कमलेश अवस्थी, मनोज मिश्रा, सभासद अवनीश मिश्रा, टिंकू तिवारी, बल्लू बाबा व दयाशंकर तिवारी आदि मौजूद थे।


गुरु नानक एकेडमी में पूजन करते प्रबंधक। अमृत विचार

# ज्ञानेंद्र ने विशाल को दिखाया आसमान

दंगल

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन ग्राम खजुरी में डॉ. उदय प्रताप सिंह के संयोजन में किया गया। बुधवार को पहले दिन दंगल की शुरुआत सपा नेता पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विशाल हरियाणा एवं ज्ञानेंन्द्र दास अयोध्या का हाथ मिलवा कर की। इसमें बाबा ज्ञानेन्द्र दास ने विशाल को आसमान दिखा गया।

बैसन खजुरी गांव में चल रही प्रतियोगिता में विभिन्न प्रांतों व नेपाल के पहलवन भाग ले रहे हैं। गनी ने शमशेर को परास्त किया।

ग्वालियर के सूर्यवीर ने मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान को पराजित किया। रेफरी संदीप पहलवान कोटवाधाम, राहुल, लल्ला पाण्डेय के निर्देशन में सभी कुश्तियां हुई । इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, अविनाश सिंह, नसीम, कीर्ति, गौरीशंकर सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# 69 किलो का केक काट मनाया शिवपाल का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


शिवपाल यादव के जन्मदिन पर केक काटते अरविंद सिंह गोप व अन्य कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का जन्मदिन बुधवार को पीडीए संकल्प के रूप में मनाया गया। गांधी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सपा के प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य गामा यादव एडवोकेट, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, विधायक सुरेश यादव, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद व कार्यकर्ताओं ने 69 किलो का केक काटा तथा उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर 25 वरिष्ठ समाजवादियों का अभिनंदन किया गया। रेलवे स्टेशन स्थित सराय में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को केक बांटा गया। अध्यक्षता राजनाथ शर्मा एवं सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि शिवपाल सिंह यादव अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के पर्याय हैं। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, विधायक सुरेश यादव, पूर्व विधायक सरवर अली, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, अरविन्द यादव, रामगोपाल रावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा, सरदार आलोक सिंह, खुशी राम यादव, नरेन्द्र वर्मा एडवोकेट, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट ने सम्बोधित किया। संचालन प्रीतम सिंह वर्मा ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ. कुलदीप सिंह, अजय वर्मा, हुमायूं नईम खान, हिमांशु यादव, सरताज चौधरी, ज्ञान सिंह यादव, अशोक प्रधान, गौतम रावत, पूनम यादव, सतीश पाण्डेय, सरदार राजा सिंह, यशवंत यादव, रामराज यादव, अशोक द्विवेदी, जीतू सिंह, अरुणदीप वर्मा, अमित श्रीवास्तव, पिंकल तिवारी, संजीव गिरी, संतोष रावत, वैभव सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# त्रिवेदीगंज में भी वसंत पंचमी पर रही कार्यक्रमों की धूम

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** वसंत पंचमी पर्व पर क्षेत्र में जगह-जगह आयोजन किए गए। हंससभा के तत्वावधान में तिलोकपुर में सरस्वती पूजन के बाद काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। नेवल किशोर बाजपेयी की अध्यक्षता व वेद प्रकाश सिंह प्रकाश के संचालन में कविगोष्ठी की शुरुआत श्रवण बाजपेयी ने सरस्वती वंदना से की।

तत्पश्चात संत प्रसाद जिज्ञासु, सुनील वाजपेयी शिवम्, सौरभ वर्मा स्माइल, रामकिशोर अवस्थी, अरुण अवस्थी आदि ने काव्य पाठ किया। तिलोकपुर में ही सुप्रसिद्ध त्रिलोकेश्वर मंदिर प्रांगण में स्थित हंसवाहिनी मंदिर में हंसवाहिनी पूजन समिति के तत्वावधान में पैंतीसवां सरस्वती पूजन समारोह पूजन-अर्चन व हवन के साथ आयोजित किया गया।

नव उमंग साहित्य संस्थान कार्यालय मंगलपुर में महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जयंती पर मां वीणापाणि के पूजनोपरांत काव्यगोष्ठी संत प्रसाद जिज्ञासु की अध्यक्षता में हुई।

कान्हीपुर में वसंतोत्सव पर दो दिवसीय धनुष भंग मेले का आयोजन किया गया। इसमें रामलीला कलाकारों ने फुलवारी, जनक दरबार, परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया। नेवलपुर स्थित राजरानी विद्यालय में सरस्वती पूजन सुशील कुमार वर्मा के संयोजन में किया गया।

# पूरी तरह सुरक्षित है फाइलेरियारोधी दवा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करते मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की टीम ने जिला अधिकारी कार्यालय कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराया। मुख्य विकास अधिकारी, डीएसओ और परियोजना निदेशक ने भी दवा का सेवन किया।

सीएमओ ने बताया कि अभियान की शुरुआत 16 ब्लाकों में की गयी है। सरकार ने साल 2027 तक देश से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है । जब सभी लोग फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करेंगे तब ही इस बीमारी का उन्मूलन हो पाएगा।आईडीए अभियान के तहत लगातार तीन साल तक साल में एक बार फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है । नोडल अधिकारी डा. डीके श्रीवास्तव ने बताया कि यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है।

# भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : गोढवा ग्वारी स्थित आदिशक्ति दुर्गा मन्दिर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का बुधवार को हवन-पूजन व भंडारे के साथ समापनकिया गया। कथावाचिका की टीम को प्रधान नीलम वर्मा, सुरेश चन्द्र वर्मा, सन्तोष सागर, रामपाल ने अंग वस्त्र, दक्षिणा व प्रसाद देकर सम्मानित किया। सात दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा के अन्तिम दिन हवन-पूजन, पूर्णाहुति व भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# बंकी में स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता आयोजित

**बाराबंकी, अमृत विचार:** नगर पंचायत बंकी द्वारा बुधवार को स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत बंकी की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग करने के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही होम कंपोस्टिंग के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ईओ मोहनी केसरवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासद, मंडल कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पाण्डेय एवं जनपद कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। ईओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को महिलाओं को होम कम्पोस्टिंग के विषय पर एक कैपेसिटी बिल्डिंग का कार्यक्रम करने के लिए भी निर्देशित किया।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

आस्था

श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गयी प्रभु शीतलनाथ व मुनि सुव्रतनाथ की पालकी यात्रा,

# धूमधाम से मनाया गया आचार्य भद्रबाहु का संयम उत्सव

फतेहपुर, बाराबंकी


फतेहपुर में निकाली गई पालकी यात्रा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार


महावीर जैन चैत्यालय में संयम उत्सव के अवसर पर भाव नृत्य प्रस्तुत करतीं किशोरियां। अमृत विचार

कस्बे के महावीर जैन चैत्यालय में बुधवार को नव प्रतिमा स्थापना के वार्षिकोत्सव समारोह दिवस एवं फतेहपुर में विराजमान आचार्य भद्रबाहुजी महाराज का संयम दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सुबह महावीर जैन चैत्यालय से शीतल नाथ व मुनि सुव्रतनाथ को पालकी में विराजमान कर नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं व पुरुष नाचते हुए के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जगह- जगह भक्तों ने आरती उतारी। इसके बाद श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य भद्रबाहु का संयम दिवस मनाया गया। इसमें महाराष्ट्र, प्रयागराज, बाराबंकी, टिकैतनगर आदि जगहों के भक्तों ने आचार्य श्री के चरणों में विनयांजलि प्रस्तुत की। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्रयागराज निवासी सुरेंद्र जैन व शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य फतेहपुर के राहुल जैन 'राजा' को प्राप्त हुआ। फतेहपुर की जैन महिला मंडल की महिलाओं ने आचार्य श्री की अष्टद्रव से पूजा की। शाम को बालक बालिकाओंने भाव नृत्य पेश किया। इस मौके पर जैन समाज अध्यक्ष सचिन जैन, प्रांशु जैन, ऋषभ जैन,टीनू जैन,तेज कुमार, लल्ला,नीलेश, आलोक आदि थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय-4-सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।
पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :-अध्यक्ष: मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष:-मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव: मो0 शायबा हम्फी ऐ-504/1-बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष: मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सूचना
पहले मेरा नाम ARUN था अब मैने बदलकर अपना नाम ARUN KUMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। D/O: INDAL, VILL AND POST BANI JAISINGHPUR SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228131

सूचना
सूचित हो कि मैं शालनी देवी पत्नी अजय सिंह, निवासी- सिलहरा तहसील सिकंदरा जिला कानपुर देहात, मेरा खाता औरैया के एक्सिस बैंक में ज्वाइंट खाता है। जिसमें मेरा नाम SHALINI DEVI w/o AJAY SINGH त्रुटि पूर्ण अंकित हो गया है जबकि मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड के अलावा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में SHALANI DEVI अंकित है जो कि सही है। मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाए।

# सोनिया के राज्यसभा जाने के फैसले से 'गढ़' में कांग्रेस की डगर आसान नहीं

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** जिले की सांसद सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्य सभा के लिए नामांकन के बाद जिले की राजनीति ने करवट बदलनी शुरू कर दी है। कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली में स्थिति अब कहीं ना कहीं चुनौतीपूर्ण हो गई है। पिछले चुनाव में अमेठी में राहुल की हार के बाद अब भाजपा के निशाने पर दूसरा गढ़ रायबरेली ही है।



**चुनाव**

**▸▸ सांसद बनने के बाद नहीं आने को जनता के बीच जाकर भुनाने में लगी भाजपा**

वर्तमान चुनाव में भाजपा हर हाल में यहां जीत हासिल करना चाह रही है। ऐसे में अचानक सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के फैसले के बाद अब भाजपा ने उनके संसदीय क्षेत्र में नहीं आने के मुद्दे को भुनाने का मन बना लिया है। ऐसे में कांग्रेस के लिए यहां से जीत की डगर आसान नहीं होगी। हालांकि, कांग्रेस भी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। यही वजह है कि प्रत्याशी की घोषणा को लेकर माहौल को भांपने में लगी हुई है।

### राहुल के आने से उत्साहित कांग्रेसी, गांव-गांव कर रहे संपर्क



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सहारे राहुल गांधी जनता के बीच जा रहे हैं। मौके पर उन्हे भरपूर समर्थन भी मिल रहा है लेकिन सबसे बड़ी मुश्किल भीड़ में आने वाले लोगों को पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की होती है। पिछले चुनाव में यही स्थिति थी। खचाखच भीड़ होने के बाद भी मतदाता को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सके थे। इसका खामियाजा उन्हें अमेठी सीट को गवांकर भुगतना पड़ा थ। इस बार भी उनके लिए यहीं चुनौती है।

### माहौल देखकर प्रत्याशी का करेंगे फैसला

इंडिया में शामिल सपा ने रायबरेली और अमेठी सीट कांग्रेस को देने की घोषणा कर दी है। रायबरेली से प्रियंका वाड्रा के उतरने को लेकर चर्चा खूब है लेकिन अभी भी कांग्रेस किसी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं है। यही वजह है कि एक टीम लगातार स्थानीय माहौल को देख रही है। इसके बाद ही कोई फैसला होगा।

### बूथ मजबूत करने में भाजपा सबसे आगे

लोकसभा चुनाव की घोषणा भले ही अभी ना हुई हो लेकिन सभी दल तैयारी में लग गए हैं। बात जमीनी स्तर पर मजबूती की करें तो इसमें भाजपा सबसे आगे है। पूरे साल भाजपाई सक्रिय रहे। यहां तक सर्वे करवा चुके हैं कि किन बूथों पर पार्टी कमजोर है। कांग्रेस की देखे तो राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के यूपी में आने और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समर्थन में रायबरेली या अमेठी में शामिल होने की घोषणा के बाद कांग्रेसियों के चेहरे खिले। वर्तमान में सांसद प्रतिनिधि से लेकर दिग्गज लोगों के बीच जाकर पार्टी का संदेश पहुंचा रहे हैं।

### जीत के अंतर में कमी से कांग्रेसी सतर्क

कांग्रेस यहां से तभी प्रियंका के नाम की घोषणा करेगी, जब सबकुछ बेहतर हो जाएगा। पिछले चुनाव में जीत के अंतर में कमी को अभी तक दिग्गज नहीं भूला सके हैं। ऐसे इस बार सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की जिले से दूरी भी मुश्किल बढ़ा सकती है। चुनाव में इसका खामियाजा उन्हें उठााना पड़ सकता है। भाजपा नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा का कहना है कि सांसद की 5 साल तक जिले से दूरी का उनके पास कोई जवाब नहीं था। हार को देखते हुए ही उन्होंने यह फैसला लिया है।



"कांग्रेस इतना डर चुकी है कि उसने अपनी हार के भय से लड़ने से पहले ही समर्पण कर दिया है और सोनिया गांधी ने लड़ने के बजाए राज्यसभा का सुरक्षित रास्ता चुन लिया है। अमेठी के बाद इस बार रायबरेली के भी स्वघोषित क़िले में गांधी परिवार ने अपनी हार मान ली है। -**वीरेंद्र तिवारी**, लोकसभा प्रभारी, रायबरेली"



"अमेठी के बाद इस बार के चुनाव में रायबरेली में भी कांग्रेस की हार पक्की है। सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा में जाने से अब इस पर मुहर भी लग गई है। जिले में इस बार कमल का खिलना तय है। उत्तरप्रदेश में भाजपा 80 में से 80 सीटें जीतेगी। -**बुद्धिलाल पासी**, जिलाध्यक्ष, भाजपा"

---

**एक नजर**

### शहीद ट्रस्ट के महासचिव का मनाया जन्मदिन

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार :** शहीद स्मारक सरेनी ट्रस्ट के महासचिव अशोक श्रीवास्तव का 66 वा जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। डॉ. अशोक त्रिवेदी, अनूप पांडेय, अभितेंद्र सिंह राठौर, सत्यनारायण सिंह, अजीत प्रताप सिंह, अरुण सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, सुंदर सिंह, करुणाशंकर बाजपेई, रमेश शुक्ला, शुभम सिंह, लल्लू गुप्ता आदि ने बधाई दी। राम कुमार, बाला जी, शिव कंठ साहू ने उनके कार्य-व्यवहार की प्रशंसा की। उत्तम निर्मल, अखिलेश चौरसिया, मंगल साहू, कीर्ति प्रकाश अवस्थी, राम बरन, बंशी बाजपेई, अजय साहू, रामू किराना, बचोले, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### घर-घर जनसंपर्क कर रही भाजपा की टोली

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र के ग्राम सभा कोरिहरा पहुंच कर भाजपा नेता शिव प्रकाश पांडे ने प्रवास के दौरान घर-घर जनसंपर्क किया। उन्होंने मोदी और योगी सरकार की जनोपयोगी नीतियों से अवगत कराया। ग्रामीणों के बीच भाजपा का साहित्य वितरित किया। इस दौरान सुशील सिंह, अवधेश गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवक की बाइक चोरी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** निमंत्रण में गए युवक की बाइक चोरी हो गई। मामले की तहरीर बाइक स्वामी ने कोतवाली में दी है। क्षेत्र के गांव पूरे बनियन मजरे पचखरा निवासी शिव प्रताप सिंह की बाइक भागीपुर निवासी अंकित सिंह लेकर छिपिया गांव दावत में गया था। वहां बाइक बाहर खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई। बुधवार को शिव प्रताप सिंह ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है।

### नेत्र शिविर 25 को

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार :** नीबी गांव के जूनियर हाईस्कूल परिसर में आगामी 25 फरवरी दिन रविवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। संयोजक सुंदर सिंह सिकरवार ने ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की आंखों की जांच कुशल नेत्र विशेषज्ञ करेंगे। चिन्हित मरीजों की आंखों का ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण भी नि:शुल्क होगा।

# पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया वसंत उत्सव

## बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी देख लोग हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** जिले भर में वसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ ही हवन पूजन में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्री राधा कृष्ण संस्कृत महाविद्यालय डलमऊ में सरस्वती पूजा स्तोत्र का पाठ, आरती होने के साथ संपन्न हुई। बड़े मठ के स्वामी दिव्यानंद गिरि महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी मां सरस्वती का जन्म माना जाता है, जिसे बसंत रितु आगमन होता है। आज से ठंड काम होना शुरू हो जाता है। बसंत ऋतु सभी ऋतुओं में श्रेष्ठ माना जाता है। मौसम में चारों तरफ हरियाली फलों का राजा आम में बोर लगता है अर्थात फूल का दर्शन करना चाहिए। आज के दिन पक्षियों में श्रेष्ठ नीलकंठ का दर्शन शमी वृक्ष का दर्शन पूजन करना मानव कल्याण के लिए अत्यावश्यक है। इस मौके पर स्वामी गीतानंद, उमाकांत मिश्रा, सुधाकर आदि मौजूद रहे।

गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पूजन के बाद मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र मोहन और प्रबंधक विमल तलरेजा ने कहा कि सभी लोग अपने माता-पिता व गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलने की शुरुआत करें। अंत खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धा शर्मा, स्मिता शुक्ला, ममता सिंह, साधना, आकांक्षा, नेहा, शिवानी, निहारिका, अंजनी बाजपेई, गिरजा शंकर, बाबुलनाथ दुबे, राम शंकर, शिवाख्या, मंगलम, अर्जित आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार



रामकुमारी विद्या मंदिर शिवपुरी में सती सावित्री नाटक का मंचन करते बच्चे।





गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में पूजन-अर्चन करते शिक्षक व मठ में मौजूद संत। अमृत विचार



प्रभात फेरी निकालते बच्चे।

### रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने निकाली झांकी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर में सैकड़ों बच्चों ने झांकी और प्रभातफेरी निकाली। इसमें मां सरस्वती के अलावा देश के महापुरुषों चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डा. भीमराव आम्बेडकर, सरदार पटेल की वेशभूषा में बच्चों ने सबको आकर्षित किया। नगर के रामलीला मैदान से शुरू किया गया मार्च विभिन्न मार्गों से होता हुआ फड़ मुहल्ला स्थित स्कूल में समाप्त हुआ। कालेज प्रबंधक विनय सिंह ने कहा कि मां सरस्वती साहित्य, कला और संगीत की देवी है। प्रधानाचार्य विनय त्रिपाठी, कांत नारायण त्रिपाठी, प्रदीप कुमार मिश्र, अरुण कुमार, शिल्पी, खुशी, उजमा आदि मौजूद रहे।

### खूब लड़ी मर्दानी पर झूमे

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार :** मुनिराज कुंवर शिक्षण संस्थान बभनपुर का वार्षिकोत्सव वसंतपंचमी बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गीत नाटिका 'खूब लड़ी मर्दानी, झांसी वाली रानी' ने दर्शकों में रोमांच पैदा कर दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र बहादुर सिंह, कालेज के संस्थापक कृष्ण बहादुर सिंह, प्रबंधक राकेश कुमार सिंह एडवोकेट ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके पूजा- अर्चना की। कामता नाथ सिंह, पूर्व प्रधान श्याम बहादुर सिंह, बबलू, श्याम बहादुर सिंह, जीआईसी प्राचार्य विनोद कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी प्रवेश परीक्षा



**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** एसजेएस पब्लिक स्कूल में प्रथम प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने प्रवेश परीक्षा के लिए आए अभिभावकों की उपस्थिति में वसंतोत्सव मनाया। एसजेएस द्वारा आयोजित प्रथम प्रवेश परीक्षा में करीब एक सैकड़ा बच्चे शामिल हुए। प्री-प्राइमरी से कक्षा 9 तक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए परीक्षाएं आयोजित की गई। एसजेएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा लेने के लिए सदैव कटिबद्ध रहता है। प्रबंधक अग्रज सिंह और सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह ने भी विचार रखे।

## संस्कारित जीवन जीने का दिया संदेश



**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में द्वादश की छात्राओं की विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने छात्राओं को संस्कारित होने को कहा। बाल कल्याण समिति उपाध्यक्ष राम गोपाल त्रिपाठी ने कहा कि सभी अपने जीवन में निरंतर प्रगति एवं उत्तरोत्तर उन्नति करती रहे। हम अपने जीवन में इस स्थान पर खड़े हैं, जहां से हमें पीछे मुडकर देखना बहुत जरूरी हो जाता है। विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर वाजपेई ने कहा कि यहां की छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारित जीवन मूल्यों के बारे में भी सीखने को मिला, जो उनके आगे के जीवन मे सार्थक सिद्ध होगा। प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**सार-संक्षेप**

### श्रद्धालुओं ने छका भंडारे का प्रसाद



ठाकुरद्वारा मंदिर में भंडारे में प्रसाद वितरित करते लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा मंदिर कमेटी द्वारा बसंत पंचमी पर मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया गया। मंगलवार से प्रारंभ प्रभु रामचरितमानस पाठ के पश्चात बुधवार को प्रात: हवन पूजन किया गया। सभी ने पूरे भक्तिभाव से प्रभु बजरंगबली और मां सरस्वती की पूजा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जय श्री राम, जय हनुमान के नारे लगाए। इस मौके पर मंदिर कमेटी के ओकार नाथ गुप्ता, देवी कुमार गुप्ता, अतुल कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, राम शंकर गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, अनिल गुप्ता, राम प्रकाश श्रीवास्तव, राजू जायसवाल महेंद्र अग्रवाल, संदीप जैन, गायत्री कसौधन, दीपा गुप्ता, पंडित उमेश दुबे, पंडित लाल जी, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### छात्र- छात्राओं को दी भावभीनी विदाई



विदाई समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय में वरिष्ठतम छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। सबसे पहले कक्षा 12 के सभी छात्रों का तिलक द्वारा स्वागत करके किया गया। प्राचार्य एसके अग्रवाल की अध्यक्षता में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने समूह गीत, समूह नृत्य और एकल नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीच-बीच में वरिष्ठ छात्र स्तुति सिंह, भूमिका सिंह और आंजनेय शर्मा अपने विद्यालयी जीवन के अनुभव साझा करते रहे। प्राचार्य ने 2024 बैच के सभी छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान किया। वरिष्ठ अध्यापक जेएस प्रसाद ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उपप्राचार्य राजेश त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संगणक शिक्षक अमित सिंह चौहान ने फोटोग्रॉफी की।

### ओरीदास महराज तपोस्थली में मेला देखने को उमड़े लोग

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** क्षेत्र के मोन गांव स्थित बाबा ओरीदास दास महराज की तपोस्थली पर मेले के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। साथ ही मेले का खूब आनंद उठाया। लोगों ने अपने जरूरत की सामग्री खरीदी। वहीं, बच्चों ने झूले का आनंद उठाया। यह मेला तीन दिन तक चलेगा। इससे पहले मेले के शुभारंभ में ग्राम प्रधान श्याम कला व मेला कमेटी के सदस्यों ने हवन पूजन के साथ कन्या भोज व साधु-संतों को भोजन खिलाकर किया गया। दोपहर बाद मेले में भीड़ बढ़ने से दुकानों पर खरीदारी की रौनक रही। रहट, झूले, सर्कस की तरफ बच्चों व महिलाओं का जमावड़ा रहा। मेले में सुरक्षा के लिए पीएसी व स्थानीय पुलिस के महिला व पुरुष जवान तैनात रहे। बाबा ओरीदास की तपोस्थली पर बसंत पंचमी के दिन से लगने वाला पारम्परिक मेला इस बार 14 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा।

**सार-संक्षेप**

### डॉ. अमलधारी सिंह का किया नागरिक अभिनंदन



डॉ. अमल धारी सिंह का अभिनंदन करते प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** बैसवारा डिग्री कॉलेज के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पूर्व प्राचार्य डीलिट उपाधि से सम्मानित वेदर्षि डॉ. अमल धारी सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। उन्हें माला, अंगवस्त्र और प्रतीक देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. शीला श्रीवास्तव की अगुवाई में वसंतोत्सव, वाग्देवी सरस्वती पूजन व ग्रंथ लोकार्पण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। संचालन डॉ. एमडी सिंह ने किया। अध्यक्षता श्रीश्री 1008 स्वामी भास्कर स्वरूप जी महाराज ने की। इस अवसर पर डॉ. एसएन सिंह, अशोक सिंह रामपुरी, आरके गुप्ता, कुंवर वीपी सिंह, डॉ. एसपी सिंह, सुनील सिंह, जय बहादुर सिंह, केशव कुमार सिंह, आशीष सिंह सेंगर, राजेश सिंह फौजी आदि मौजूद रहे।

### आधी उम्र की ममेरी बहन से किया दूसरा निकाह

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** पहली बीबी के रहते एक अधेड़ ने अपने से आधी उम्र की ममेरी बहन के साथ निकाह कर लिया। मामले की जानकारी जब उसकी पहली बीबी को हुई तो उसके होश उड़ गए। कोतवाली पहुंची महिला ने अपने शौहर की करतूत पुलिस को बताई। बाद में पुलिस ने कोई कार्रवाई न करके सुलह करा दिया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के बहेरवा का है। गदागंज थाना क्षेत्र के सरदारगंज निवासिनी एक महिला का निकाह करीब तीन दशक पहले बहेरवा गांव निवासी व्यक्ति के साथ हुआ था। महिला का आरोप है कि वह अपने मायके गई थी। इस बीच शौहर ने अपने से आधी उम्र की अपनी ममेरी बहन के साथ निकाह कर लिया। बुधवार को महिला ने शिकायत पुलिस से की। यह भी आरोप लगाया कि उसकी बेटी के साथ शौहर ने मारपीट भी की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है।




# सामूहिक विवाह में अव्यवस्था, भूखे-प्यासे भटकते रहे लोग

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत संपन्न हुए सामूहिक विवाह समारोह में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा।

हाल यह रहा कि कन्या और वर पक्ष की ओर से आए लोग काफी देर तक भूखे प्यासे ही भटकते रहे। यहां तक कि उनके बैठने तक के पर्याप्त इंतजाम नहीं रहा। जैसे तैसे सम्मेलन में 155 जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया। इसमें 151 ने सात फेरे तो चार ने निकाह कबूल किया। कस्बा स्थित मिनी स्टेडियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मिनी स्टेडियम में 192 लोगो ने रजिस्ट्रेशन कराया था।



निकाह के बाद महिला को उपहार देते विधायक अशोक कुमार। अमृत विचार



सामूहिक विवाह समारोह में शामिल जोड़े। अमृत विचार

इसमें 151 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सात फेरे लिए, जबकि चार जोड़ों को काजी ने निकाह पढ़वाया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोरी ने नव युगल दम्पतियों को चांदी की पायल, बिछिया, सूटकेस, लहंगा, बर्तन सेट आदि उपहार स्वरूप दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी, एसडीएम आशुतोष राय, श्याम सुंदर पांडे समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**सिर्फ अफसरों के लिए कुर्सियां:** तकरीबन एक हजार लोग कार्यक्रम के दौरान विवाह स्थल पर मौजूद रहे। लेकिन उनके लिए न तो पानी की समुचित व्यवस्था थी न ही विवाह के पंडाल में बैठाने के लिए कुर्सियां लगाई गई थी। कुछ लोगो ने यह भी आरोप लगाया कि विवाह फार्म भराने के नाम पर उनसे पैसे भी लिए गए है। कार्यक्रम का आयोजन मिनी स्टेडियम सलोन में किया गया था।

## 33 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**रायबरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा के लिए जिले में होगी। 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में होगी। एडीएम (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक पाली में कुल 15408 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन, समस्याओं के निराकरण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के 14 से 18 फरवरी तक परीक्षा की कार्रवाई समाप्त होने तक कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका नंबर 9532647079 है। कंट्रोल रूम में कर्मिकों और नोडल अधिकारियों को भी तैनात कर दिया गया है। बाकी तैयारियां भी लगभग पूरी हैं।

# पति की हत्या की पैरवी करने गई महिला को बस में धमकाया

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** पति की गोली मारकर हत्या के मामले में पैरवी करने गई महिला को बुधवार को चार युवकों ने बस में धमकी दी है । यह घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति के हत्या के मामले में पैरवी करके कचेहरी से बस द्वारा वापस अपने घर लौट रही थी।

पिछले साल चार अप्रैल की शाम को क्षेत्र के बाबा का पुरवा चौराहा पर गांव के चमन लाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह राजगीर का काम करता था। इस घटना में उसकी पत्नी पूनम ने गांव के चार लोगों को नामजद किया था। बुधवार को दीवानी न्यायालय में घटना में वादिनी की गवाही थी, जिसके लिए वह न्यायालय गई थी। दोपहर बाद वह प्राइवेट बस से वापस अपने घर लौट रही थी। महिला का आरोप है कि बस में सवार चार लोगों ने रास्ते में नवाबगंज के पास उसको धमकाना शुरू कर दिया। उसने बताया कि चारो युवकों ने मुकदमे में पैरवी न करने और केस वापस लेने को कहा है। घटना के बाद ऊंचाहार पहुंची महिला ने तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल जगतपुर थाना क्षेत्र है, फिर भी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### कार में स्टंट करते युवक का वीडियो वायरल

**रायबरेली, अमृत विचार :** शहर में पुलिस को चुनौती देते हुए खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक युवक द्वारा स्टंट करते हुए चलती कार में रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के गोरा बाजार चौराहे के पास कुछ अराजक तत्वों द्वारा चलती कार में स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो मंगलवार की शाम का बताया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### वृद्धाश्रम जाकर मनाया जन्मदिन

**राही, रायबरेली, अमृत विचार :** गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन नित्य नए सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित रहता है। इसी कड़ी में संगठन के पदाधिकारियों ने आईटीआई स्थित वृद्धाश्रम पहुंच कर वृद्धजनो को फल व जरूरी सामान देकर टीम के पदाधिकारी इंद्रेश सिंह का जन्म दिन मनाया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष कैप्टन राजपाल सिंह, सचिव जितेंद्र बहादुर सिंह, संतोष तिवारी, शिवांसू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बोलेरो की टक्कर से बंदर की मौत

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** महाराजगंज-इन्हौना मार्ग पर मोन पानी टंकी के आगे इन्हौना की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आकर एक बन्दर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पशु चिकित्सक उमेश चंद्र को बंदर के घायल होने की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद राहगीरों व गांव के लोगों ने सड़क किनारे मृत बंदर का अंतिम संस्कार कर दिया ।

# वाहन की टक्कर से ऑटो सवार श्रमिक की हुई मौत

## सलोन-सूची मार्ग पर देर शाम हुआ हादसा, चालक घायल

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार :** सलोन-सूची मार्ग पर बुधवार की देर शाम नायन मोड़ के निकट अज्ञात वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार श्रमिक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वही ऑटो चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक श्रमिक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल युवक का सीएचसी में इलाज चल रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के दरसवा निवासी अधेड़ छोटेलाल (50) दिहाड़ी श्रमिक है। बुधवार सुबह वह बगहा गांव में दिहाड़ी करने गया हुआ था। देर शाम लगभग साढ़े छह बजे के करीब ऑटो से बैठकर घर लौट रहा था। सलोन-सूची मार्ग स्थित नायन मोड़ के सामने रायबरेली की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छोटेलाल ऑटो से उछल कर सड़क पर गिर गया। वही आटो खाई में चली गई। घटना के दौरान दिहाड़ी श्रमिक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। चालक उमाशंकर निवासी सूची गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि ऑटो में दिहाड़ी श्रमिक ही अकेला बैठा हुआ था। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।




### बाइकों में भिड़ंत, तीन घायल

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार :** रायबरेली-कानपुर राजमार्ग पर पूरे बाजपेई का पुरवा मोड पर बुधवार की शाम करीब 7.30 बजे दो मोटरसाइकिलों की आपस मे टक्कर हो गई, इसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। देवेंद्र कुमार (30) पुत्र महेश, लक्ष्मी देवी (28) पत्नी देवेंद्र कुमार मोटरसाइकिल से रायबरेली जा रहे थे। आगे जा रहे टिकरा गांव निवासी देशराज (40) पुत्र कल्लू से टक्कर हो गई, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी प्रभारी चमन सिंह ने बताया अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के बुढ़नपुर गांव निवासी सूरज अपने साथी मल्लू और मनोज के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। तकिया तिराहे के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें तीनों घायल हो गए। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है । तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

### डीसीएम की टक्कर से होमगार्ड घायल

**रायबरेली, अमृत विचार :** स्कूटी से ड्यूटी जा रहे होमगार्ड को तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अचलेश्वर गांव के पास स्कूटी से ड्यूटी जा रहे होमगार्ड तेज बहादुर को तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## बोर्ड बैठक में सीमा विस्तार पर सहमति, 15 गांवों को मिलेगा लाभ

**रायबरेली, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की बुधवार को बोर्ड बैठक हुई। इसमें बहुप्रतीक्षित शहर के सीमा विस्तार पर सभी ने सहमति दे दी। इसके साथ ही 15 गांव की आबादी को शहर जैसी सुविधाएं मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। इसके अलावा अन्य कार्यों को कराने पर भी सहमति बनी है। नगर पालिका कार्यालय स्थित सभागार में पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर और अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह की मौजूदगी में बोर्ड की बैठक शाम करीब 3 बजे शुरू हुई। पिछली बैठक में सभासदों के विरोध का कोई खास असर देखने को नहीं मिला। अधिकांश सभासद बैठक में अध्यक्ष के पक्ष में नजर आए। बैठक में सीमा विस्तार कराने को लेकर सभासदों की राय ली गई। सर्वसम्मति से सीमा विस्तार को हरी झंडी मिल गई। नगर क्षेत्र में अभी तक कुल 34 वार्ड हैं। 15 गांव नगर क्षेत्र में जोड़े जाने के बाद वार्ड में भी फेरबदल होना तय है।

# बैठक: सवा दो करोड़ के कार्यों पर क्षेत्र पंचायत की लगी मुहर

राही, रायबरेली

**अमृत विचार:** ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। सदन ने क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित कराए गए 25 कार्यों की पुष्टि की। साथ ही सवा दो करोड़ के विकास कार्यों पर सदस्यों ने सहमति दी।

बुधवार को प्रमुख राही की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक की शुरुआत हुई। खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर ने क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग तथा मरम्मत जैसे पूर्ण हो चुके 25 कामों का लेखा-जोखा सदन में रखा। उन्होंने बताया कि इस पर दो करोड़ की धनराशि खर्च हो चुकी है। इसी प्रकार 30 काम और कराए जाने हैं। जिस पर सवा दो करोड़ की धनराशि खर्च होगी। सदन ने पिछले कराए गए कार्यों की पुष्टि करते हुए नए कार्यों पर आम सहमति जताई। परमानपुर ग्राम प्रधान कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के गांव स्तर के कर्मचारी गांव कब आते हैं और कब चले जाते हैं पता नहीं चलता है। इस पर बेलाभेला में तैनात स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. एसके पांडेय ने बताया कि ग्राम स्तरीय स्वास्थ्य कर्मियों की सूची उन्हें उपलब्ध करा देंगे। एडीओ, दिनेश कुमार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। पंचायत सदस्यों ने बिजली विभाग की बिलिंग समस्या पर खेद जताया। एसडीओ ने उनकी समस्या को जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। परमानपुर ग्राम प्रधान कुंवर बहादुर सिंह ने उनके गांव के राशनकार्ड से यूनिट गायब होने की बात कही। इस पर पूर्ति निरीक्षक पूनम सिंह ने समस्या के समस्या के समाधान की बात कही। भदोखर पशु चिकित्साधिकारी डा. संजय सिंह ने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। तकनीकी सहायक एसपी मिश्रा, सेमरा प्रधान प्रतिनिधि चंदन सिंह, बीडीसी सदस्य शैलेश सिंह, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शिक्षक को तलवार से केक काटना पड़ा महंगा, पुलिस ने भेजा जेल

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार :** निजी विद्यालय के शिक्षक को तलवार से केक काटना महंगा पड़ा है। केक काटने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शिक्षक को जेल भेज दिया। डीह थाना क्षेत्र में मधुकरपुर गांव के निजी विद्यालय के शिक्षक संदीप कुमार ने अपने जन्मदिवस पर बच्चों और अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में तलवार से सात केक काटे थे। जिसका वीडियो वायरल हो गया था। डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर शिक्षक संदीप कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से तलवार बरामद करते हुए धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया।

## सत्संग में जुटे दूर-दराज से आए संत

**जगतपुर, रायबरेली :** संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आए साध संगतों ने सत्संग में बढ़-चढ़कर लिया। जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा विजय बहादुर ने बसंत पंचमी पर सत्संग की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मन मंदिर यूं ही ना बनता प्रभु बिठाना होता है। भक्ति वाला नित नये इसमें दीप जगाना होता है। मन का मंदिर हो जाना अर्थात मन को पवित्र बनाना है। स्वच्छ बनाना है। मन को निश्चल निष्कपट बनाना है। भगवान राम नवधा भक्ति में कहते हैं, जिसके मन निर्मल हैं, जो छल कपट से दूर होकर सभी से निस्वार्थ भाव से प्रेम करते हैं। मैं उनके हृदय में निवास करता हूं। मन में प्रभु निवास करते हैं। वह स्वयं मंदिर हो जाता है। स्वयं आनंदित रहता है। या जहां वह जाता है। सभी को आनंदित करता है। ऐसे भक्त जिनके कर्म ऐसे हैं। दूसरे जन किसी भी अवस्था में रहते है। वैसे भक्तों को देखकर ही उन्हें खुशी मिल जाती है। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं-पुरुष व वृद्ध मौजूद रहे और सत्संग का आनंद लिया। इस मौके पर महात्मा राम प्रसाद, जागेश्वर, कमल, राम सुमेर, बाबूलाल, रतिपाल, रामस्वरूप, बबीता, ऊषा, मीरा दीक्षित, माया, वंदन आदि साध संगत मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मंदिर निर्माण प्रारंभ होने पर निकाली निशान यात्रा




मंदिर निर्माण को लेकर निकाली गई निशान यात्रा में शामिल लोग।

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम जी परिवार अध्यक्ष गौरव बाबा के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कस्बा अंतर्गत समाधानेश्वर मंदिर के प्रांगण में प्रारंभ हो गया। इस दौरान भक्ति संगीत के साथ श्री खाटू श्याम जी निशान यात्रा विकास क्षेत्र के चुरूवा हनुमान मंदिर से समाधानेश्वर मंदिर तक निकाली गई। इस निशान पदयात्रा के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के द्वारा खाटू श्याम प्रेमियों के लिए नगर पंचायत कार्यालय पर जलपान की व्यवस्था की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर अखिलेश चौधरी, टोनी मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, नवनीत अवस्थी, आदर्श गुप्ता, लक्ष्मण मिश्रा, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

### वैलेंटाइन डे पर बजरंग दल ने किया विरोध-प्रदर्शन



वैलेंटाइन डे पर विरोध-प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार :** वैलेंटाइन डे के विरोध में बजरंग दल के लोगों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की है। इंदिरा उद्यान के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी तैनात रही। बुधवार को शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदिरा गार्डन के पास बजरंग दल के लोगों ने पहुंचकर वैलेंटाइन डे के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे जिला संयोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि लव जिहाद को लेकर जो हिंदू लड़कियों को पहले फुसलाया जा रहा है, उसके विरोध में यहां पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। हर वर्ष वैलेंटाइन डे पर यहां धरना प्रदर्शन कर वैलेंटाइन डे का विरोध किया जाता है।

### लीग मैच में अमेठी ने कोरिहर को दी शिकस्त

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार :** गन्ना कांटा मैदान में चल रही पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति अंतरप्रान्तीय प्रतियोगिता का दूसरा लीग मैच बुधवार को अमेठी और क्षेत्रीय टीम कोरिहर के मध्य खेला गया। अमेठी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए कोरिहर को आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोरिहर की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 121 रन बनाये। कोरिहर की टीम से ने सर्वाधिक जीतू ने 23 व अभिषेक ने 20 रन बनाये। अमेठी की तरफ से सोनू ने तीन और इमरान ने दो विकेट लिए। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेठी की टीम की शुरुआत तो अच्छी नही रही। सात ओवरों में महज 33 रनों के स्कोर पर उसके पांच विकेट पवेलियन वापस चले गये, लेकिन उसके बाद इमरान 32 रन व हसनैन 27 रनों की बदौलत 14 .5 ओवरों में अमेठी ने निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया। इमरान नें 32 रन बनाने के साथ ही कोरिहर टीम के दो महत्वपूर्ण विकेट चमकाऐ। इमरान को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना है। प्रतियोगिता के आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश सिंह के साथ आयोजक कमेटी के उदयभान सिंह, ब्रजेश सिंह, दीपक सिंह, लाले शर्मा, रामू सिंह, सुशील सिंह, राकेश सिंह, बीरेन्द्र सिंह, सुशील सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।



इमरान को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

# गोवंश का कंकाल मिलने से हड़कंप, पुलिस ने जांच की

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे जमा मजरे बहाई गांव के पास गौवंश का कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। कंकाल की जब जांच हुई तो वृद्ध और मृत गाय के कंकाल की बात सामने आई।

ग्रामीणों ने बताया कि पूरे जमा गांव के प्रेमचंद यादव की गाय कई दिन से बीमार थी। बीमारी के बाद उसकी मौत हो गई। किसान की सूचना पर चमनगंज निवासी पप्पू रैदास पुत्र लाला ने मृत गाय को उठाकर गांव के बाहर गड्ढे में लाकर डाल दिया था। पप्पू मृत जानवरों को उठाने का काम करता है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जहां पप्पू रैदास को हिदायत देते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी मृत गाय को बाहर न छोड़ा जाए और उसे मिट्टी के अंदर दबा दिया जाए। साथ ही हड्डी का व्यापार करने वाले शरीफ को भी पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि हड्डियों को हर हाल में क्षेत्र से हटाया जाए। गौरा रुपई निवासी शरीफ समिति बनाकर हड्डी का व्यापार करता है। उसने पूरे ढकवा गांव के पास हड्डी इकट्ठा करने का केंद्र बना रखा है, जहां पर बदबू से लोग परेशान हैं। इसके अलावा चिकवाही मंडी लालगंज निवासी अशरफ का भाई जैनुल भी हड्डी का व्यापार करता है। यहां लोगों को भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है।

# स्टेशन पर एस्केलेटर-फुट ओवरब्रिज की सुविधा जल्द

## लिया जायजा

- डीआरएम ने अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** अमृत भारत योजना से रेलवे स्टेशन की तस्वीर बदल रही है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द एस्केलेटर और फुट ओवरब्रिज की सुविधा यात्रियों को मिलने लगेगी। उक्त बातें बुधवार को डीआरएम एसएम शर्मा ने अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहे कायाकल्प को लेकर निरीक्षण के दौरान कही। इस दौरान उन्होने द्वितीय निकास, एफओबी, इंट्री गेट, प्रतीक्षालय कक्ष सहित यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं को देखा। साथ ही स्टेशन की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। निर्माण करा रही संस्थाओं से कहा कि कार्यो में किसी तरह की लापरवाही न हो।



रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य की जानकारी लेते डीआरएम एसएम शर्मा।

डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने रेलवे स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण किया। सभी कार्यों को देखा और गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नए बने एस्केलेटर, फुट ओवरब्रिज के निर्माण तथा अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान उन्हें जो कमियां दिखाई पड़ी उन्हें जल्द सही कराने के निर्देश भी दिए। कहा कि किसी कीमत पर कहीं पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। जिससे अब यात्रियों की सुविधाओं में इजाफा होगा, उन्हें सहूलियत मिलेगी। स्टेशन पर जहां खूबसूरती बढ़ेगी वही दो गेट के बनने के साथ ही तीन गेट हो जाएगे। अब जहां वेटिंग एरिया अच्छा होगा। इस दौरान डीआरएम के साथ सीनियर डीसीएम रेखा वर्मा, सीनियर डीईएन टू व स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन कुमार आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को किया गया नमन, वक्ताओं ने रखे अपने विचार

# शहीदों की स्मृतियों को संजोकर रखना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार :** स्थानीय विद्यालय एसएम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय व्यवस्था प्रमुख अंजय सिंह व राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने सरेनी खंड कारवां नीरज सिंह भवानीपुर की अगुवाई मे पुलवामा हमले मे शहीद हुए 40 जवानों की स्मृति मे स्थानीय स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इसमें छात्रों और अध्यापकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को याद किया।



शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते सीआरपीएफ जवान। अमृत विचार



शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

कहा गया कि देश की रक्षा मे शहीद होने वाले जवानों का ऋण कभी भी नही चुकाया जा सकता है। शहीदों कि स्मृतियों को संजोकर रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नीरज सिंह ने बच्चों से 'अमर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान' के साथ 'वंदे मातरम' व 'हम सब एक हैं-एक रहेंगे' आदि नारे लगवाते हुए कहा कि सरेनी स्थित शहीद स्मारक वीरता का प्रतीक है।

इस दौरान महेंद्र सिंह, अमित कुमार, अंकुर सिंह, रोशनलाल, राजेश सिंह, आदित्य सिंह, जीतेंद्र सिंह, सत्यम शुक्ला, अंश, विनय, दिवाकर, दिलीप, सक्षम, विकास, अयान, रितेश, सौरभ, हर्षित व सौरभ आदि मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ जवानों ने शहीदों को किया नमन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** सीआरपीएफ परिवार के लोगों ने पुलवामा में शहीद हुए वीरों को तिकोना पार्क में श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह, संदीप सिंह, अरुण कुमार, मनीष कुमार, अपूर्व पांडे, अतुल सिंह, आशीष तिवारी आदि ने कहा कि देश की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों की शहादत को नमन है। छुट्टी में आए सैनिकों ने वीर सैनिकों के चित्र पर पुष्पार्चन करते हुए कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। शीलू त्रिवेदी, मोहम्मद परवेज, अमन वर्मा, अमित कुमार, रामराज, विमलेश कुमार, गुलाब आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुष्पेंद्र शिक्षक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक बने

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता पुष्पेंद्र मिश्र को शिक्षक प्रकोष्ठ नगर मंडल का सहसंयोजक मनोनीत किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव नयन दीक्षित ने बताया श्री मिश्रा पार्टी के प्रति काफी दिनों से निष्ठा रखते हुए कार्य कर रहे हैं और संगठन के कार्यक्रम में लगातार भाग लेते रहे हैं। उनकी निष्ठा और लगन को देखते हुए उन्हें यह गुरुतर भार सौंपा गया है। श्री दीक्षित ने बताया पुष्पेंद्र के इस पद पर मनोनयन होने के बाद संगठन को काफी गति मिलेगी। पुष्पेंद्र के सहसंयोजक बनने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और उनके इष्ट मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दिए हैं।

### इनर व्हील क्लब ने बैडमिंटन खिलाड़ी को आर्थिक मदद

**हरदोई, अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी रुचि त्रिवेदी की मदद के लिए क्लब द्वारा हाथ बढ़ाए गए। रुचि जिसका स्लेक्शन पैरा बैडमिन्टन वर्ल्ड चैंपियन शिप में हुआ है रुचि को उक्त चैंपियन शिप खेलने के लिए थाईलैंड में जो कि 20 से25 फरबरी के मध्य होने वाली है उसमें जाना है, किंतु उक्त खिलाड़ी की पारिवारिक स्थिति अच्छी न होने के कारण टिकट के पैसे उक्त खिलाड़ी के पास नहीं थे। क्लब द्वारा उक्त खिलाड़ी को 11 हजार रुपये दिए गए, ताकि उक्त खिलाड़ी की कुछ मदद हो सके रुचि जो की विकलांग व्हील चेयर कैटेगरी में खेलती है रुचि की नेशनल रैंकिंग वर्तमान में 3 व विश्व रैंकिंग 23 है खेलो इंडिया में गोल्ड मेडल मिला है। उक्त अवसर पर क्लब अध्यक्ष रागिनी तिवारी, चार्टर प्रेसिडेंट, व जेड पीसी चित्रा बाजपेई, ट्रेजरार पारुल तिवारी, क्लब सदस्य हरप्रीत व माधुरी मिश्रा मौजूद रहीं।

# बच्चों में मातृभूमि से प्रेम और सेवा भाव होना जरूरी : अलका

## वसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की हुई पूजा-अर्चना, स्कूलों में हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरदोई

**अमृत विचार।** बसंत पंचमी के अवसर पर नगर के विद्यालयों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर लोगों ने बसंत पंचमी मनाई। इस अवसर पर सिनेमा रोड स्थित वेद मंदिर में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डालीं।

संडीला संवाददाता के अनुसार नगर के गल्ला मंडी स्थित पार्वती देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बसंत उत्सव व वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक उन्नाव कौशल व विशिष्ट अतिथि विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

विधायक अर्कवंशी ने कहा कि छात्रों को भारतीय संस्कृति व सभ्यता से परिचित कराना आवश्यक है। हृदय में मातृभूमि से प्रेम व सेवा भाव होना चाहिए। पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेंद्र सिंह ने छात्रों के कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम में छात्रों के राम आएंगे... भजन पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक प्रेम बाबा, जिला कमिश्नर स्काउट गाइड अवधेश त्रिपाठी, भाजपा नेता विशुन दयाल शुक्ला, डॉ जीवन सिंह अर्कवंशी, कुंवर सत्येंद्र सिंह, अब्दुल वली, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शुक्ला, आदित्य प्रताप सिंह, किरन यादव सहित गणमान्य मौजूद रहे।

कछौना संवाददाता के अनुसार क्षेत्र की ग्राम सभापुरवा में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर हवन पूजन व विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया। पूरा कार्यक्रम ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र वाजपेई ने बताया कि वसंत पंचमी का पर्व प्रतिवर्ष माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। प्रकृति में नई चेतना आती है। मानव क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। मस्तिष्क में नई तरंग का संचार होता है। इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि नई जीत के आगमन पर नई सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन की शुरुआत करें। हमें अपने अंदर अच्छे विचारों के साथ जीवन को संभालना है। बुरी आदतों को त्यागना है। नशाखोरी से दूर रहना है। यह हमें व समाज को खोखला कर देती है। एक बुरी आदत के कारण मनुष्य का जीवन नाटकीय हो जाता है। सभी भैया बहनों ने नशा न करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भैया बहनों स्नेहा, नैंसी, एकता, उमंग, किरन, मानवी, मुस्कान, सपना, राधा, अभिषेक, पवित्रा, अनन्या, तुषार, लक्ष्मी, अभिराज ने वंदना गीत, स्वागत गीत व बसंत गीत, देशभक्ति गीत, नाटक, नृत्य गीत, हास्य नाटक आदि संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सविता ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, ग्राम प्रधान छविनाथ मौर्य, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश गुप्ता, सेवानिवृत शिक्षक बृजपाल सिंह, प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेई, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे। माधौगंज कस्बे के फूलमती मां सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सतीश मिश्रा ने बच्चों के साथ हवन पूजन किया। सरस्वती शिशु मंदिर में महेश माहेश्वरी, कमल माहेश्वरी, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव व बच्चों ने हवन पूजन किया। इस मौके पर अरविंद श्रद्धा मिश्रा राधा अमितेश ओंकार आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


वेद मंदिर में हवन में आहुतियां देते यजमान। अमृत विचार



मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सदन उपाध्यक्ष श्रवण मिश्र राही। अमृत विचार

### हवन और पूजन के साथ विद्यारंभ संस्कार संपन्न

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** वसंत पंचमी के पर्व पर हवन-पूजन और मंत्रोच्चार के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ। जिसमें लगभग दर्जनों भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष वसंत पंचमी के पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर की पहल से सभी लोगों में जागरूकता पैदा करते हुए उनके नौनिहालों को विद्यारंभ संस्कार प्रदान किया गया। इस बीच विद्यालय के प्रबंधक गोपाल कृष्ण अवस्थी, प्रदीप अवस्थी, अध्यक्ष अवधेश रस्तोगी आदि लोगों ने हवन पूजन किया। गायत्री प्रज्ञा पीठ पर आचार्य अनिल राठौर ने वैदिक मित्रों से यज्ञ में आहुतियां समर्पित करवाई। साधकों ने देव दक्षिण में एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई अपनाने का फैसला लिया। हवन यज्ञ के लिए महिलाओं व पुरुषों की भीड़ सुबह से ही पहुंच गई। गायत्री प्रज्ञा पीठ के ट्रस्टी मृदुल कपूर ने कहा की बसंत पर शिक्षा साक्षरता विद्यालय और विनय का पर्व है, सभी को अपने जीवन को पशुता से ऊपर उठकर विद्या एवं गुण संपन्न बनाएं यही वसंत पर्व की प्रेरणा है। इस मौके पर धर्मेंद्र राठौर, विवेक, नीलम शर्मा, साधना कपूर, गुड्डू रस्तोगी, पंकज वर्मा, रामेश्वर शर्मा, फूल सिंह व अमित समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।


पिहानी में सरस्वती शिशु मंदिर में वसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार करते बच्चे। अमृत विचार

### ज्ञान की देवी का आशीष लेने को रहें तत्पर : श्रवण

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद की प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में वसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदन उपाध्यक्ष श्रवण मिश्र राही ने कहा कि ज्ञान की देवी मां सरस्वती का अवतरण दिवस है। मां शारदे से ही हमें ज्ञान और बुद्धि की प्राप्ति होती है। निस्संदेह यह दिन बहुत ही पावन है। इस सुअवसर पर हम सब ज्ञान की देवी का आशीष प्राप्त करने को तत्पर रहें। सदन के मंत्री मनीष कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस से ही बसंत ऋतु का शुभारंभ होता है। बसंत को ऋतुराज कहा जाता है। ज्ञान के उपासक सभी लोग आज के दिन मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं। वास्तव में यह उत्साह और उल्लास का पर्व है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीनू सिंह, राम औतार शर्मा, ओम प्रताप सिंह, राहुल भदोरिया, अजय पाल सिंह, रागिनी सिंह, मोहित दीक्षित, प्रकाश वर्मा, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, राधेश्याम कश्यप आदि मौजूद रहे। संचालन पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा मिश्रा ने किया।

# नई कार्यकारिणी को राज्य मंत्री ने दिलाई शपथ

## कार्यक्रम

▸▸ अधिवक्ता सभागार में हुआ वकीलों का शपथ ग्रहण समारोह

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील की बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

बुधवार को अधिवक्ता सभागार में बार एसोसिएशन शाहाबाद की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाने के लिए विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री पहुंचीं। उन्होंने नई कार्यकारिणी को सर्वप्रथम पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद वकीलों को पूर्ण सहयोग का वादा किया। कहा कि वकील न्याय दिलाने वाला सबसे अहम् किरदार हैं। बताया शाहाबाद में मुंसिफ न्यायालय की स्थापना के लिए उन्होंने न्यायिक और शासन स्तर काफी प्रयास किया और अब मुंसिफ न्यायालय का भवन बन रहा है। जल्दी यहां पर मुंसिफ न्यायालय की स्थापना हो जाएगी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए वह सतत प्रयासरत रहती हैं उन्होंने विकास के लिए जिस कमी की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने उस कमी को पूरा करने का कार्य किया है। वकीलों की मांग पर बैठने के लिए स्थान दिलवाने के बात पर अधिकारियों से मिलकर स्थान दिलवाने का आश्वसन दिया। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भी वकीलों को पूर्ण आश्वासन दिया और कहा जिला और प्रदेश स्तर से जहां पर भी उनकी जरूरत पड़ेगी वह वकीलों के साथ तन, मन और धन से साथ खड़े होंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा सरकार सर्व धर्म विकास के रास्ते पर कार्य कर रही है। मेरी ओर से वकीलों को पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा। जब भी जिस वक्त उनकी जरूरत हो वकील उन्हें याद कर सकते हैं और वह उनकी पूरी तरह से मदद करेंगे। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष राम जी तिवारी तथा महामंत्री बसंत गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



अधिवक्ता सभागार में नई कार्यकारिणी को शपथ दिलातीं उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

### ईट भट्टे पर चल रही थी आरा मशीन

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भभूतिपुरवा स्थित एक ईंट भट्टे पर अवैध रूप से आरा मशीन संचालित पाई गई। जिस पर वन विभाग के उप निरीक्षक ने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है। थाना क्षेत्र के भभूतीपुरवा गांव स्थित भट्टे पर आरा मशीन का संचालन किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लकड़ी ठेकेदारों के माध्यम से अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटान किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। वन रेंज अधिकारी प्रियंका पटेल ने उप निरीक्षक विपुल शुक्ला को भेज कर जांच कराई। जिस पर अवैध आरा मशीन संचालित होने की पुष्टि हुई है। वन रेंज अधिकारी ने बताया कि कार्यवाही की जाएगी।

## सार-संक्षेप


हनुमान चालीसा का पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### हनुमान चालीसा के पाठ से मिलती है कष्टों से मुक्ति

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ किया। बुधवार को श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज, श्री महावीर मंदिर कासिमपुर संडीला, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में संडीला तहसील के कासिमपुर में स्थित बजरंगबली मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति, बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया। विशिष्ट अतिथि पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी वंदना बरनवाल ने कहा कि मुगल शासक अकबर की जेल में बंद स्वामी तुलसीदास ने 40 दिन तक प्रत्येक दिन एक छंद की रचना की। यही चालीस छंद हनुमान चालीसा हनुमान व राम का आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रभावशाली तरीका है। इसे भक्ति व एकाग्रता के साथ पढ़ने से फलदायी परिणाम प्राप्त होते है। मनुष्य सांसारिक व भौतिक कष्टों से दूर होता है। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, सह संयोजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक आरती गुप्ता व प्रभारी अनीता गुप्ता ने हनुमान चालीसा का पाठ कराया।

### श्रीराम की चरण पादुका लेकर अयोध्या लौटे भरत

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रामलीला में बुधवार को राम और शत्रुघन राम को वन से वापस लाने के लिए पहुंचे, लेकिन राम ने पिता के वचनों का पालन करने की बात कहते हुए जाने से इन्कार कर दिया, जिस पर भरत राम की खड़ाऊ लेकर अयोध्या वापस लौट गए। जिसमें दर्शाया गया कि अयोध्या के गुरु जी प्रात : काल एक सभा लगाते हैं। उस सभा में भरत बस राम को वापस लाने की बात करते हैं। गुरु सभी मंत्रियों को आदेश देते हैं कि राज्यतिलक की सभी सामग्री लेकर वन में चले। राम को वापस लेकर आते हैं। जिसके बाद सभी अयोध्या वासी भरत शत्रुधन तीनों माताएं और गुरु जी को लेकर चल देते है। राम सभी से कहते हैं कि उन्हें अपने पिता के वचनों का पालन करना है। रघुकुल की रीति है कि वचनों का पालन करने के लिए प्राण क्यों न देने पड़े। काफी प्रयास के बाद जब राम वापस जाने को तैयार नहीं हुए तब भरत की खड़ाऊ लेकर सभी के साथ वापस अयोध्या आ जाते।

### पैदल घर लौट रहे मजदूर की हादसे में मौत




**हरदोई, अमृत विचार।** मज़दूरी करने के बाद पैदल घर जा रहे मजदूर को रास्ते में गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। मंगलवार की देर शाम को माधौगंज-बघौली रोड पर सड़क हादसा होना बताया जा रहा है। माधौगंज थाने के पंहुतेरा गांव निवासी 30 वर्षीय मज़दूरी पेशा शिवमंगल की शादी नहीं हुई थी। उसके बड़े भाई मनकू ने बताया शिवमंगल मंगलवार को रोज़ की तरह मज़दूरी करने गया हुआ था। वहीं से देर शाम को पैदल घर लौट रहा था। उसी बीच कुरसठ पुलिस चौकी के रुद्दीखेड़ा के पास किसी तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि उसकी वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही चौकी प्रभारी विजय नारायण शुक्ला अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और हादसे के बारे में इधर-उधर से जानकारी जुटाते हुए शिवमंगल के घर वालों को सूचना दी। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े मे लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल तहरीर नहीं आई है,उसके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के कछपुरवा मजरा धर्मपुर गांव निवासी रावेंद्र यादव पुत्र मेवाराम यादव सोमवार की देर शाम बाइक से हरपालपुर से घर वापस जा रहे थे, तभी चाऊंपुर रोड पर मडैया गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे गंभीर रूप से घायल बाइक सवार रावेन्द्र मौके पर ही करीब चार घंटे तक पड़ा रहा। पीआरबी की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने लावारिस घायल को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कर दिया था। मंगलवार को घायल की शिनाख्त होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। हालत गंभीर होने के कारण इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया था। जहां से एक निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। बुधवार को सड़क हादसे में घायल रावेंद्र ने दम तोड़ दिया। बुधवार को मृतक का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया जाता है मृतक खेती-बाड़ी करता था। इसके एक पुत्र व पांच पुत्रियां हैं। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।



### पुलिस ने बिछड़ी बच्ची को दो घंटे में मां-बाप से मिलाया

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने मां-बाप से बिछड़ी बच्ची को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिर्फ दो घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। पुलिस की इस तत्परता पर न केवल बच्ची के माता-पिता बल्कि अन्य लोग भी काफी प्रसन्न दिखे। ऐटा खेड़ा निवासी राममिलन, पत्नी राधा और बेटी छाया के साथ पिहानी कस्बे में काम से आए थे। उसी बीच में छाया रास्ता भटकते हुए बिछड़ गई और काफी दूर निकल गई। राहगीरों ने उसे रोता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस बच्ची को गोद लेकर कोतवाली पहुंची और सोशल मीडिया के प्लेटफार्म की मदद से बच्ची का फोटो वायरल कर दिया। साथ ही खोजबीन जारी रखी। जानकारी होने पर राममिलन और राधा दोनों कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने सारी बात बताई। पूछताछ के बाद पुलिस बच्ची से पहचान कराई। बच्ची को देखते ही मां-बाप के मायूस चेहरों पर मुस्कान दौड़ने लगी। पुलिस ने छाया को उसके मां-बाप के सुपुर्द कर दिया।

### वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पहुंतेरा निवासी एक किसान की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम पहुंतेरा निवासी शिवमंगल 30 वर्षीय पुत्र राम भरोसे मंगलवार की देर रात गांव के निकट सड़क पार कर रहा था। उसी समय अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी भेजा जहां चिकित्सक अरुण मोहन ने उसे मृत घोषित किया। भाई मनकू ने बताया कि शिवमंगल खेती व मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। वह अविवाहित था। अपने बड़े भाई रामचंद्र के पास गांव में रहता था।



### मातृ शक्ति का सम्मान भाजपा की आत्मा में निहित : सांसद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि मातृ शक्ति का सम्मान भाजपा की आत्मा में निहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को पूरा सम्मान दिलाने के लिए बड़े साहसिक कदम उठाए हैं। नगर पालिका परिषद शाहाबाद में बुधवार को आयोजित महिला शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जयप्रकाश ने महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सांसद ने कहा कि मातृ शक्ति सम्मान भाजपा की आत्मा में निहित है। इस बीच भाजपा नेता राजेंद्र मिश्रा, गोपाल त्रिपाठी, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा, धीरू सिंह, अनिल सिंह और ईओ व नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के अलावा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सख्ती

थाने में तैनात सिपाहियों की मौज-मस्ती पर पुलिस अधीक्षक ने लगाई पाबंदी

# एसपी हर दिन चेक कर रहे सिपाही की बीट बुक

हरदोई

**अमृत विचार।** अब थाने में तैनात सिपाहियों की मौज मस्ती नहीं हो पा रही है। किस सिपाही ने बीट में जाकर कितना काम किया है, इसका प्रतिदिन सत्यापन हो रहा है।

पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी प्रतिदिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सिपाहियों को बुलाकर खुद उसकी बीट बुक चेक कर रहे हैं। जिस सिपाही की बीट बुक में कमी पाई जा रही है। उनको हिदायत देकर छोड़ा जा रहा है। आगे से सुधार न किया तो कड़ी कार्यवाही होगी। पुलिस महकमे में बीट व्यवस्था काफी पुरानी चली आ रही है। मगर महकमे का यह अब तक सिर्फ कागजों में ही चल रहा था। कोई भी सिपाही अपनी बीट में जाकर कुछ भी पता नहीं करता था। जबकि बीट सिपाही की ड्यूटी है कि वह अपने इलाके की हर अच्छी और बुरी खबर रखे। उसके क्षेत्र में कितने मंदिर हैं, कितने धर्मशाला, मस्जिद, गेस्ट हाउस, होटल, ढाबे, कितने मकान, जनसंख्या आदि तमाम जानकारियां रखनी होती है। मगर सिपाही थाने से बीट बुक लेने के बाद उसे अपने रूम पर ले जाकर रख लेते हैं। कोई रोज बीट में नहीं आता है, जबकि सिपाही का रोज अपनी बीट में जाना बेहद जरूरी है, लेकिन सिपाहियों का अपनी बीट में न जाना महकमे को भारी पड़ रहा है। इसी कारण आए दिन घटनाएं हो रही हैं एक सप्ताह पहले एसपी ने फरमान जारी कर दिया था कि बारी-बारी से हर थाने का सिपाही अपनी बीट बुक लेकर उनके सामने उपस्थित होगा। वह खुद बीट बुक चेक करेंगे। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि सिपाही ने कितना काम किया है।


कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी केसी गोस्वामी।

### एसपी ने किया कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक ने कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने आंकिक कार्यालय, अभिसूचना इकाई सहित अन्य कार्यालयों में अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से समर्पण भावना से कार्य करने को कहा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी ने पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कार्यालय में वाचक कार्यालय, प्रधान लिपिक, आंकिक कार्यालय, सोशल मीडिया सेल, सीसीटीएनएस सेल, अभिसूचना इकाई, विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों का बेहतर रख-रखाव व उनको अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की हुई मौत

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के रजी अहमद 51 वर्ष पुत्र नवी अहमद निवासी बरौनी व मूल निवासी बराही संडीला मंगलवार की देर शाम घर से मजार पर जाने के लिए निकले थे वापस आते समय रेलवे क्रासिंग पार कर रहे थे, तभी हरदोई की तरफ से आ रही सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट मे आ गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक हेयर कटिंग का काम करता था मृतक के दो लड़के व एक लड़की है। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### रामगंगा नदी में डूबने से बुज़ुर्ग की मौत

हरदोई। 70 वर्षीय बुज़ुर्ग की रामगंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसा शाहजहांपुर के हुल्लामऊ के पास का बताया जा रहा है। बुज़ुर्ग पचदेवरा थाने के सेढ़ामऊ का रहने वाला था। पुलिस ने शव को नदी से बरामद कर लिया है। पचदेवरा थाने के सेढ़ामऊ निवासी 70 वर्षीय श्याम बिहारी कुशवाहा शाहजहांपुर के हुल्लापुर के पास से निकली रामगंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। घर वालों के मुताबिक श्याम बिहारी कुछ दिनों से मानसिक तौर पर बीमार चल रहा था। अल्लाहगंज थाने की पुलिस ने शव को नदी से बरामद कर इस बारे में सूचना पर उसके घर वालों को दी है।

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में बुधवार को दो पक्षों जमकर डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम नसीरपुर निवासी आकाश पुत्र रमेश चंद्र ने बताया पुराने विवाद के कारण गांव के दिनेश, राजेंद्र व भन्नू आदि ने उसे डंडे से पीट दिया। बचाने आई मां और बहन की भी पिटाई की। वहीं दूसरे पक्ष की सुनीता पत्नी दिनेश ने बताया रमेश ने अपने भाई सालिक राम और पुत्र आकाश के साथ उसे डंडे से मारा पीटा।पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्रों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### घूरा डालने से मना करने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

मल्लावां, हरदोई। जमीन पर घूरा डालने से मना करने पर दबंगों ने पति पत्नी को गाली गलौज कर मारापीटा। पुलिस ने मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मल्लावां कोतवाली के मुनौरापुर गांव निवासी जयपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को गांव के भूरा को मेरी जमीन पर कूड़ा डाल रहे थे। ज़ब इस बात का विरोध किया तो गाली गलौज कर भूरा, श्रीपाल, कल्लू, मोना घर में घुसकर उसे व उसकी पत्नी माया को लात घूसों डंडों से मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए, तो धमकी देकर चले गए। पुलिस ने मामले में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# काकोरी-बालामऊ रेलखंड पर सक्रिय चोर गैंग लगा रहे रेलवे को चूना

**● 2017 से 2024 के बीच हो चुकी हैं करीब नौ बड़ी घटनाएं**

हरदोई

अमृत विचार। चोरों की पहली पसंद काकोरी-बालामऊ रेलखंड बन गया है। इस रेल खंड में एक के बाद एक चोरों ने बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। चलती हुई ट्रेनों से सामान नीचे फेंकर वारदात करने वाले चोरों के गैंग का अब तक सुराग नहीं लगा सकी है।

वर्ष 2017 से लेकर 2024 तक बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के कमांडर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आठ से नौ बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी हैं। रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ व संडीला के अंतर्गत जमकर चोरियां हुई हैं। वर्तमान में संडीला रेलवे सुरक्षा बल की ज़िम्मेदारी बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के कमांडर के पास हैं। बालामऊ कमांडर के क्षेत्राधिकार में ऐसे ही एक मामला चार फरवरी को सामने आया था जहां चोरों द्वारा चलती एक्सप्रेस ट्रेन से 17 नग होजरी के समान को ट्रेन के नीचे गिरा दिया था। पूरे मामले में आठ दिन बीत गए हैं लेकिन रेलवे सुरक्षा बल के हाथ अब तक खाली हैं जिम्मेदारों का हाल यह है कि 48 घंटे पूर्व दिल्ली से रेलवे सुरक्षा बल नॉर्दर्न रेलवे के आईजी ए एन मिश्रा भी बालामऊ पहुंचे थे। आईजी ने बालामऊ से काकोरी तक निरीक्षण भी किया था। आईजी द्वारा बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी रामनरेश को जल्द खुलासे के निर्देश भी दिए थे। आईजी नॉर्दर्न रेलवे के निरीक्षण के 48 घंटे बीतने के बाद भी रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ के हाथ अब तक किसी भी चोर को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुए है। मुरादाबाद मंडल की यह सबसे बड़ी चोरी है जिसमें अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख बताई गई है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा हिमगिरी एक्सप्रेस से अज्ञात चोरों द्वारा गिराए गए 17 नग होजरी के समान के मामले में एक 1/24 रेल सम्पति चोरी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया हैं। घटना के आठ दिन बाद भी अभी तक एक भी व्यक्ति रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ व संडीला के हाथ नहीं आया है। बड़ी घटना में बालामऊ व संडीला रेलवे सुरक्षा बल की बड़ी लापरवाही निकलकर सामने आई है। साथ ही जानकार बताते हैं कि रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ इस मामले को दबाने में लगा हुआ है।




### रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ नहीं दिखा रही तत्परता

हरदोई। हावड़ा से चलकर जम्मूतवी जा रही 12331 हिमगिरी एक्सप्रेस के लखनऊ रेलवे स्टेशन से चलने के बाद काकोरी से बालामऊ के मध्य अज्ञात चोरों द्वारा ट्रेन के लगेज वैगन में रखे होजरी के सामान के 17 नग को रेल ट्रैक के किनारे गिरा दिया गया। हालांकि चोर सामान को ले जाने में नाकाम साबित हुए। रेलवे सुरक्षा बल को ट्रैकमैन द्वारा रेल ट्रैक के किनारे समान पड़े होने की जानकारी दी गई थी। सूचना पर पहुंची रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा सम्मान की जांच की गई इसी के साथ लगभग 30 किलोमीटर तक पेट्रोलिंग कर कुल 17 नग सामान को बरामद किया था। रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ द्वारा पहले बरामद सामान की कीमत लगभग 30 लाख के आसपास आंकी थी, लेकिन इसके बाद बरामद सामान की कीमत व्यापारी के पहुंचने पर बढ़ गई और अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख के आसपास अभियोग में पंजीकृत की गई। घटना के 8 दिन बीत गए हैं लेकिन रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ के कमांडर ने अब तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की है जबकि 11 फरवरी को आईजी नॉर्दर्न रेलवे दिल्ली भी बालामऊ पहुंचे थे और बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के कमांडर को जल्द खुलासे के लिए निर्देशित भी किया था।अब देखने वाली बात यह होगी कि बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल कब तक चोरी की इस घटना का खुलासा कर पाता है।बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के लिए चोरी की यह घटना कोई नई बात नहीं है इससे पहले गेहूं चोरी, डीजल चोरी जैसे तमाम अन्य घटनाएं बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के क्षेत्र में घटित हुई है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर समय से पूरी करें तैयारियां

## डीएम ने बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापकों को दिए निर्देश

हरदोई

अमृत विचार। रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 17 व 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाये। परीक्षा केन्द्र पर प्रकाश व शौचालय आदि की उचित व्यवस्था करा ली जाए। पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक बैनर लगाया जाए व प्रत्येक कक्ष में एक दीवार घड़ी लगवाई जाए। प्रत्येक केन्द्र पर जेनरेटर की व्यवस्था की जाए। केन्द्र पर एक क्लॉक रूम बनवाया जाए। डीएम ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से सुनिश्चित कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों का पूर्व भ्रमण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। परीक्षा केन्द्र पर संदिग्ध निष्ठा व खराब छवि वाले लोगों को तैनात न किया जाए। किसी भी लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। बोर्ड के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। प्रथम पाली में 9.30 पूर्वान्ह तक परीक्षार्थियों को केन्द्र में प्रवेश दिया जाए। प्रश्न पुस्तिका के पैकेट को दो परीक्षार्थियों के समक्ष खोला जाए। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि केन्द्रों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद ने भी परीक्षा को शांतिपूर्ण से संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। प्रवेश के समय परीक्षार्थियों के बायोमेट्रिक की सभी व्यवस्था केन्द्र पर कर ली जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गंगा के किनारे जैविक खेती को दें बढ़ावा

हरदोई, अमृत विचार। पौधरोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मेहदीघाट में विद्युत शव दाहगृह के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। गंगा नदी के किनारे जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। कहा कि इस संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाए। गंगा किनारे पौधरोपण को बढ़ावा दिया जाए। कचरा पृथक्करण का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया जाए। कचरा प्रबंधन को लेकर लोगां को जागरूक किया जाए। इस मौके पर सीडीओ सौम्या गुरुरानी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक करते डीएम व सीडीओ।

### डीएम ने की उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु बैठक

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि नगर की सड़कों की मरम्मत का कार्य जल्द कराया जाए। नगर क्षेत्र में कचरे का प्रबंधन उचित तरीके से कराया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़कों के किनारे लगीं होर्डिंग्स हटाने के निर्देश

हरदोई, अमृत विचार। जिले में बढ़ रही मार्ग दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगा। दुर्घटनाओं का कारण बन रही जगह-जगह लगी होर्डिंग हटाने के निर्देश सीडीओ ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र से अवैध होर्डिंग हटाई जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र चिन्हित किये जायें। सड़कों पर संकेतक लगवाये जाएं। रोड सेफ्टी क्लबों की संख्या बढ़ाई जाए। इस अवसर पर समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### युवती को भगा ले जाने का आरोप, दी तहरीर

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। घर से युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपी के विरुद्ध चाचा ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। कोतवाली क्षेत्र की राघौपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया कि उसकी 20 वर्षीय भतीजी फर्रुखाबाद के एक डिग्री कालेज मे स्नातक कर रही थी। उसकी बेटी के साथ में गुरुसहायगंज की एक छात्रा पढ़ती थी। छात्रा के विवाहित भाई संतोष का आना जाना रहता था, जिससे उसकी बेटी और संतोष से पहचान हो गई। चोरी छिपे उसकी भतीजी से संतोष ने शादी कर ली। इसके बाद उसकी भतीजी घर आई। मंगलवार की रात करीब नौ बजे अपने साथ भगा ले गया। बताया कि भतीजी घर में रखी 50 हजार की नगदी और पांच लाख के जेवरात ले गई। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि युवती ने आर्य समाज से विवाह किया है। जांच की जा रही है।

# पत्रावली गायब होने से अभिलेखागार में हड़कंप

हरदोई

अमृत विचार। अभिलेखागार में पत्रावलियों के रख-रखाव में कितनी लापरवाही बरती जा रही है, इसका भेद तब खुला जब हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पत्रावली तलब की। काफी खोजबीन करने के बाद भी उस पत्रावली का कुछ पता नहीं चला। इसे ले कर अभिलेखागार में हड़कंप मचा हुआ है। डीएम के निर्देश पर कोतवाली शहर में कलेक्ट्रेट के न्याय सहायक पटल के अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

कलेक्ट्रेट के न्याय सहायक (प्रथम) अखिलेश राजन ने कोतवाली शहर पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि हाईकोर्ट लखनऊ बेंच ने एक मुकदमे की केस की डायरी व मूल अभिलेख तलब किए थे। लेकिन जब अभिलेखागार में पत्रावली खोजी गई तो वह गायब थी। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। बताया गया है कि शासकीय अधिवक्ता ने अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) के 12 मई 1992 को हुए फैसले को चुनौती देते हुए अपील की थी। उसके बाद से पत्रावली खोजी जा रही है। इसके लिए समिति भी गठित की गई, जिसकी छानबीन में पता चला कि 1992 की डाक बही 10 अगस्त 1999 को नष्ट की जा चुकी है। इस मामले में डीएम के निर्देश पर पुलिस ने न्याय सहायक (प्रथम) की तहरीर पर पटल के अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ धारा 409 के तहत केस दर्ज किया गया है और सारे मामले की जांच एसआई हरिनाथ को सौंपी गई है।



### उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की मौजूदगी में वर्तमान और पूर्व प्रधानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। ब्लाक सभागार में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की उपस्थित में वर्तमान, पूर्व प्रधान, वर्तमान सभासद पूर्व सभासद बीडीसी अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शाहाबाद ब्लॉक के स्वर्गीय उपेंद्र तिवारी मेमोरियल ब्लॉक सभागार में ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा के नेतृत्व में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की उपस्थित में रायपुर गुलरिया प्रधान रमेश चंद्र, आरपी सिंह प्रधान लोना, दुर्गज वर्मा प्रधान अहेमी, रणजीत प्रधान, गुड्डू प्रधान, राजीव यादव प्रधान, पूर्व सभासद किरन गिहार, सभासद शैल कुमारी गुप्ता सहित लगभग दो दर्जन वर्तमान प्रधान दर्जन भर पूर्व प्रधान, बीडीसी, सभासद व उनके समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राज्य मंत्री ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। जितनी अधिक संख्या में लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं इससे प्रतीत होता है लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेंद्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू, सुभाष रस्तोगी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### परिश्रम से मिलेगी निश्चित सफलता

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के समदखेड़ा स्थित राम भरोसे इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने शिक्षकों छात्रों को बोर्ड की परीक्षा में सफलता के टिप्स दिए। प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि यदि मन में ठान लिया जाए तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उप प्रधानाचार्य अरविंद कुमार पटेल ने छात्रों को विभिन्न महापुरुषों का उदाहरण देकर उनमें उत्साह व जोश भरा। कहा कि बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विषयों का बार-बार रिवीजन करना आवश्यक है। रसायन विज्ञान शिक्षक अमित कुमार मौर्य ने छात्रों को कम समय में परीक्षा की तैयारी तथा अधिक अंक प्राप्त करने के विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए।

## सार-संक्षेप

### पूर्व प्रधान के घर घुसे चोर ले गए लाखों का सामान

हरदोई। पूर्व प्रधान अपने भाई के साथ बुआ के घर हुई ग़मी में शामिल होने गया था। वहां से थका-हारा घर लौटा और बे-खबर सो गया। उसी बीच वहां पहुंचे चोर लॉकर और बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखा माल-ज़ेवर पार कर ले गए। सबसे खास बात रही कि चोरों की इस कारस्तानी की किसी को भी कानों-कान भनक तक नहीं लगी। बात कोतवाली देहात के गरीब पुरवा की है। गरीब पुरवा निवासी पूर्व प्रधान मोहम्मद वारिस मंगलवार को अपने भाई सलमान के साथ अपनी बुआ के घर हुई ग़मी में शामिल होने शाहजहांपुर गया हुआ था। जहां से दोनों भाई देर रात को थके-हारे घर वापस लौटे और बे-खबर हो कर सो गए। उसी बीच वहां पहुंचे चोरों ने किसी तरह से कमरें में दाखिल हो कर वहां रखी अलमारी का लॉकर और बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखी 55 हज़ार की नगदी, सोने की कानों की झुमकी, कानों के टाप्स, मांगबेदी, नथुनी, सोने का पैंडुलम, चांदी की पायल के अलावा कुछ और ज़ेवर पार कर लिया। मोहम्मद वारिस ने बताया कि सुबह आंख खुली तो देखा कमरें में रखा सारा सामान इधर-उधर बिखरा था और अलमारी व बक्से खुले पड़े थे।वह बाहर निकला और अपने पड़ोसियों से पूछा-बताई की, लेकिन कोई कुछ भी नहीं बता सका। उसके बाद उसने पुलिस को कॉल की। इस तरह से चोरी होने से गरीब पुरवा बस्ती के लोग काफी सहमें हुए हैं।

### हौसले को पंख देते हुए छात्र-छात्राओं को दी विदाई

हरदोई, अमृत विचार। असही रोड स्थित बेंहदर जेपी मेमोरियल ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10 व 12 वीं के छात्र-छात्राओं को सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए उनका विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में तमाम तरह की प्रतियोगिताएं हुई और रोचक तरीके जानकारियां साझा की गई। विदाई समारोह में कक्षा 10 और 12 वीं के छात्र-छात्राओं की काफी अच्छी प्रस्तुति देख कर तालियां गूंज उठी।निर्णायक मण्डल ने रैंप वॉक व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों को प्रतिभागियों से पूछ कर मिस्टर जेपीएमजे सौरभ को और स्वाति गुप्ता को मिस जेपीएमजे चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारिका मिश्रा ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए बच्चों के बीच कई ज़रूरी बातों को साझा किया। समारोह के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें बेहतर नागरिक बन कर देश की सेवा करने का संकल्प दिलाया।

### बालिका से दुष्कर्म में अभियुक्त को चार साल की कैद



हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश अबुल कैश में एक फैसले में बालिका के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर चार साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता अमित शुक्ला ने बताया थाना पाली क्षेत्र के उबरिया खुर्द निवासी नीरज ने 12 जुलाई 2016 को सुबह तीन बजे गांव के ही एक घर में घुसकर एक बालिका के साथ जबरिया दुष्कर्म किया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई कहा कि घटना के दिनों में पानीपत गया हुआ था। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों के दलीलों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर उसकी 80 फ़ीसदी पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया है।

### गैर इरादतन हत्या में दंपति को सात साल का कारावास

हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश कुलदीप सिंह ने एक फैसले में गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपित पति-पत्नी को जुर्म साबित होने पर सात-सात साल की कड़ी कैद की सजा व 29 हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता सत्यम तिवारी व कृपाल राठौर ने बताया कि थाना शाहाबाद क्षेत्र के मोहल्ला महमंद निवासी अब्दुल हफीज व उसकी पत्नी चंदा ने दो मार्च 2018 को मोहल्ले के ही वादी नसीम के चाचा इकरार के घर में घुसकर उस पर बेलचा से वार करके उसे गंभीर चोटे पहुंचाई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। इस घटना की रिपोर्ट नसीम ने आरोपितों के खिलाफ दर्ज कराई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत ने समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर पति और पत्नी दोनों पर ही जुर्म साबित पाया और उन्हें सात सात साल की कैद की सजा और 14500-14500 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

### वादों का अधिक से अधिक निस्तारण कराएं : न्यायाधीश

हरदोई, अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को न्यायाधीश ने नौ मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिए। उन्होंने यातायात निरीक्षक को ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए, जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी हेमेंद्र कुमार सिंह, अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे, नैमिष गुप्ता, यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, दूर संचार कार्यालय से संजय कुमार गुप्ता व मो. साजिद अंसारी मौजूद रहे।

# बयान दर्ज कराने पहुंचे शिक्षक ने बढ़ाई मुश्किल

हरदोई

**फॉलोअप**

अमृत विचार। शिक्षक को अगवा किए जाने की फर्जी सूचना पर हलकान रही पुलिस की मुश्किल फिर से बढ़ गई है। बुध्वार को बयान दर्ज कराने पहुंचे शिक्षक ने बताया कि उसे अगवा नहीं किया गया था, वह नशे में कहीं भटक गया था। लेकिन फिरौती मांगने वाले ने उसी के उस मोबाइल फोन से फिरौती मांगी थी, जो गायब है। इस बयान के बाद पुलिस को फिर से जांच पड़ताल शुरू करनी पड़ गई है। फिरौती की मांग करने वाला कौन था, इसका जवाब मोबाइल के मिलने के बाद ही मिल सकता है। इसलिए पुलिस ने शिक्षक के गुम हुए मोबाइल को ढूंढने के लिए ऑपरेशन सर्च शुरू कर दिया है।

बताते चलें कि साण्डी कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज निवासी हर्षित शर्मा उर्फ लकी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। जबकि उसकी पत्नी और बहन भी शिक्षिका हैं। हर्षित की बहन समीक्षा शर्मा ने पुलिस को फोन पर बताया कि काफी रात होने के बाद भी उसका भाई हर्षित वापस घर नहीं लौटा और उसी बीच किसी अंजान ने फोन पर फिरौती की मांग करते हुए पुलिस को कुछ बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। शिक्षक को ढूंढने में जुटी पुलिस को भौराजपुर तिराहे पर एक मुर्गा फ़ार्म के पास से उसकी बाइक मिली। करी पांच घंटे से जूझ रही पुलिस को शिक्षक हर्षित शर्मा उर्फ लकी लाहौरी पुरवा के एक बाग़ में टहलते हुए मिला था।

### सीओ हरपालपुर गए अयोध्या ड्यूटी, फरियादी परेशान

हरदोई, अमृत विचार। सीओ हरपालपुर विनोद कुमार दुबे की कुर्सी पिछले 39 दिनों से खाली है। वजह यह है कि वह अयोध्या ड्यूटी पर गए है, जिससे यहां आने वाले फरियादियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हरपालपुर सर्किल में लोनार, बेहटागोकुल, सवायजपुर, हरपालपुर और अरबल थाना आता हैं। पुलिस मुख्यालय पर सीओ का कार्यालय बना हुआ है। सर्किल के पांचों थाना क्षेत्र में सुनवाई न होने के बाद फरियादी फरियाद लेकर सीओ कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन सीओ न होने की वजह से फरियादियों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। हरपालपुर सर्किल का चार्ज सीओ बिलग्राम के पास है। सीओ बिलग्राम आज तक सीओ हरपालपुर की पेशी में नहीं आये हैं। इसके अलावा सीओ शाहाबाद हेमंत उपाध्याय का दो माह पहले गाजियाबाद के लिए तबादला हो गया था। उनको गए दो माह हो गए है, जब से शाहाबाद सीओ की कुर्सी खाली पड़ी हुई है। कार्यवाहक सीओ के रूप में सीओ सिटी अंकित मिश्रा को सीओ को चार्ज दिया गया है।

# घर के बाहर खड़ी डीसीएम चोरी, घटना की रिपोर्ट दर्ज

बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। शातिर चोर फिर एक बार तीसरी आंख की पकड़ में आ गए। घर के बाहर खड़ी डीसीएम की चोरी वहां लगे सीसीटीवी कैमरे ने कैद कर ली। पुलिस ने दी गई तहरीर पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद कैमरे के फुटेज खंगालने में जुट गई है। एसएचओ नारायण कुशवाहा का कहना है कि जल्द ही चोरी का सुराग़ हाथ आ जाएगा।

बताया गया है कि कस्बे के मोहल्ला सुल्हाड़ा निवासी विकास कुमार कुशवाहा पुत्र श्रीकृष्ण कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर में बताया कि रविवार की रात को उसने अपनी डीसीएम कन्नौज बाइपास पर अपने मकान के बाहर खड़ी की थी, लेकिन अगले दिन सोमवार की सुबह जब वह मकान से बाहर निकला तो वहां डीसीएम नहीं थी। इस पर उसने इधर-उधर पूछताछ की, फिर भी कोई सुराग नहीं लगा। लेकिन जब उसने मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो उसमें दिखाई दे रहा है कि एक चोर डीसीएम के पास खड़ा हुआ है और फिर वही उसे ले कर वहां से रफू-चक्कर हो गया। सीसीटीवी कैमरे ने चोर की सारी कारस्तानी अपने अंदर कैद कर ली है। इस बारे में एसएचओ ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

**भीड़** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ी

# आस्था स्पेशल में भी नहीं कंफर्म हो रही बर्थ

हरदोई

अमृत विचार। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के हुए प्राण प्रतिष्ठा के बाद लगातार श्रद्धालुओं की संख्या अयोध्या जाने के लिए बढ़ती ही जा रही है। प्रत्येक जनपद से अयोध्या जाने के लिए स्पेशल बसों का संचालन किया जा रहा है वहीं रेल प्रशासन भी अयोध्या जाने वाले यात्रियों के लिए आस्था स्पेशल नाम से ट्रेनों का संचालन कर रहा है। अयोध्या में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है।

अयोध्या जाने के लिए हरदोई से तीन ट्रेनों का संचालन प्रतिदिन होता है। अयोध्या जाने वाली तीनों ट्रेन में एक सप्ताह की बात की जाए तो यात्रियों को स्लीपर में कंफर्म बर्थ तक उपलब्ध नहीं है। स्लीपर में रेल यात्रियों को लंबी-लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है वहीं कुछ ट्रेनों में यात्रियों को स्लीपर क्लास में वेटिंग तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है।ऐसे में हरदोई जनपद से अयोध्या जाने वाले रेल यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।अयोध्या जाने के लिए रेल यात्री अन्य प्रकल्प संसाधनों की ओर रुख कर रहे हैं। रेल यात्रियों की मांग है कि हरदोई जोकर जाने वाली ट्रेनों में कोच की संख्या बढ़ाई जाए या हरदोई से होते हुए आस्था स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाए।

### इन ट्रेनों में यात्रियों को नहीं मिल रही वेटिंग



हरदोई से होकर जाने वाली 13010 योग नगरी ऋषिकेश से हावड़ा जाने वाली दून एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 15 फरवरी से 20 फरवरी तक 100 से लेकर 220 तक वेटिंग मिल रही है वही हरदोई से होकर जाने वाली 13308 फिरोजपुर से चलकर धनबाद जाने वाली गंगा सतलुज एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 16 और 20 फरवरी को स्लीपर क्लास में वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है जबकि 17 से लेकर 19 तक 80 से लेकर 90 तक वेटिंग चल रही है, हरदोई से होकर जाने वाली 13152 जम्मू तवी से चलकर कोलकाता जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 16 व 17 फरवरी को स्लीपर क्लास में वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है जबकि 15, 18, 19, 20 में यात्रियों को 20 से लेकर 50 वेटिंग तक मिल रही है। रेल यात्रियों को वेटिंग तक न मिलने से यात्रियों में काफी निराशा है। रेल यात्री रेल प्रशासन से अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव व आस्था स्पेशल के हरदोई से होते हुए संचालन की मांग कर रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद से ही अयोध्या जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में ट्रेनों में लंबी-लंबी वेटिंग देखने को मिल रही है।

## एक नजर

### तम्बौर प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**तम्बौर।** तम्बौर प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेन्ट के 4 दिवसीय मैच का शुभारंभ हुआ। इस लीग मैच में 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। टीमो में अंतर्जनपदीय, तहसील स्तर की लखनऊ, सीतापुर, बहराइच, लखीमपुर, बिसवां, महमूदाबाद, लहरपुर, रेउसा की टीमें भाग ले रही हैं। इस मैच में फाइनल मैच में विजेता टीम को 25 हजार नकद पुरुस्कार व शील्ड रनर टीम को 11 हजार और शील्ड दी जाएगी। उद्घाटन के दौरान पूर्व चेयरमैन झब्बन बेग, गुड्डू आमिना, हुक्मरान मुन्ना, गुड्डू, मुन्ना मुजम्मिल, अजीज गौरी, मो उसमान, फराज, डा शहनवाज, जियाउल हक, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

### सेहत की चाबी होता है बेहतर स्वास्थ्य: देवेंद्र

**सिधौली।** बेहतर स्वास्थ्य ही बेहतर सेहत की चाभी होती है यह बात बुधवार को आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य कैम्प देवेंद्र पासी बब्लू ने सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर नरोत्तम नगर दक्षिणी में पुष्पेंद्र पासी के द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर व नि :शुल्क दवा वितरण कार्यक्रम में कहीं। इस कैम्प में आसपास व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र कुमार पासी ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर खून जांच जैसी सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच व महिला चिकित्सकों ने महिलाओं के विभिन्न रोगों का उपचार किया।

### बच्चों ने मेरा जूता है जापानी पर किया मनमोहक नृत्य

**रामपुर मथुरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिगवां कम्पोजिट ब्लॉक रामपुर मथुरा में वार्षिक उत्सव मनाया गया। विभागीय आदेशानुसार इस माह शिक्षक अभिभावक बैठक को वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 1 के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य मेरा जूता है जापानी, कक्षा 2 और 4 ने शिक्षा संबंधी नृत्य प्रस्तुति दी। कक्षा 3 की छात्राओं ने चंदा चमके चम चम पर कक्षा 6, 7, 8 की छात्रों ने पंजाबी लोक नृत्य पर शानदार प्रस्तुति खूब तालियां और सराहना ली। छात्रों ने नृत्य के माध्यम से विभिन्न योग आसनों का अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने उपस्थिति आदि पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शालिनी पांडे ने किया। कक्षा 6,7,8 के बच्चों ने अंग्रेजी में सामान्य ज्ञान के 100 प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में देकर सभी को हैरान कर दिया। कक्षा 5 के बच्चों ने निर्वाचन और स्वच्छता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में 100 : उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित कर अन्य को प्रेरित किया गया।

### आदर्श इंटर कॉलेज में हुआ मां सरस्वती का पूजन

**झरेखापुर।** वसंत पंचमी के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में मां सरस्वती का पूजन हुआ। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती का पूजन कर शिक्षा का वर मांगा। हरगांव क्षेत्र के आदर्श इंटर कॉलेज परसेहरामाल में वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चन व विद्यालय प्रांगण में यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य महेश कटियार ने बताया कि हर वर्ष इसी प्रकार से नैतिक मूल्यों से संबंधित आयोजन विद्यालय में किया जाता है, ताकि विद्यार्थी सिर्फ अध्यन कर ही नहीं बल्कि भारतीय नैतिक मूल्यों और संस्कृति का असल महत्व समझकर पालन करें। इस अवसर पर शिक्षक रिपुंजय सिंह, रामस्वरूप पांडेय, संजय अवस्थी, मुकेश सिंह, शिवेंद्र सिंह, अर्पित सिंह चैहान, आनंद सिंह, संदीप यादव, संजीत दिलीप,अंकित व विद्यालय के छात्र- छात्राएं मौजूद रहीं।

# वसंत पंचमी पर नैमिषारण्य में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नैमिषारण्य, अमृत विचार।** वसंत पंचमी के अवसर पर तीर्थ नैमिषारण्य में बुधवार भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। वसंत पंचमी का इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग है, ये योग जो 32 वर्ष के बाद पड़ा है, इसीलिए इस अवसर पर तीर्थ नैमिषारण्य के विभिन्न आश्रमों में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन बहुत बृहद स्तर पर किया गया।

प्रतिवर्ष माघ माह शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मां सरस्वती का पूजन एवं विद्या आरंभ का विधान है, नैमिष में मुख्यतः स्वामी आत्मानन्द गुरुकुल में 51 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ, ओम प्रकाश हनुमत गुरुकुल, पहला आश्रम स्थित वेद वेदांग विद्यापीठ, त्रिपुर सुन्दरी संस्कृत विद्यालय, अध्यात्म विद्यापीठ ब्रह्मचर्याश्रम, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, बाबा बासुदेव गुरुकुल समेत अनेकों स्थानों पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न किया गया।

चक्रतीर्थ और गोमती नदी के विभिन्न तटों पर भी स्नान, दान करने वालों की भीड़ दिखाई दी। चक्रतीर्थ और माता ललिता देवी मंदिर में मुंडन कराने वालों की भी बहुत भीड़ रही। इस दौरान विभिन्न जनपदों हरदोई, शाहजहांपुर, लखीमपुर, बाराबंकी, पीलीभीत एवं लखनऊ आदि से बड़ी संख्या में लोगों ने तीर्थ नैमिषारण्य में अपने बालकों के यज्ञोपवीत सम्पन्न करवाए, यहां विद्वान आचार्यों ने विधिपूर्वक यज्ञोपवीत किया गया।


आश्रम में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराते आचार्य। अमृत विचार


ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में कार्यक्रम के दौरान अतिथि। अमृत विचार

### ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में किया गया हवन-पूजन

**कमलापुर।** वसंत पंचमी के अवसर पर ब्लॉक कसमण्डा क्षेत्र की ग्रामपंचायत छरासी मजरा रूढ़ा में बने ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पर उर्मिला हास्पिटल ताड़ीखाना लखनऊ की ऑनर डॉ. मीता मिश्रा ने हवन-पूजन कन्याभोज, विशाल भण्डारा व भजन कीर्तन का आयोजन किया। जिसमें पूर्व एमएलसी पंडित रामगोपाल मिश्रा, कसमण्डा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान छरासी राधेश्याम मिश्रा, सीएचसी अधीक्षक कसमण्डा डॉ. अरविंद बाजपेई, डॉ. कामरान अबुल हसन, डॉ. साकेत ठाकुर, डॉ. अनुज मिश्रा, डॉ. अल्पेश शुक्ला, डॉ. विकास मिश्रा, आप्टोमेट्रिस्ट विवके बाजपेई, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, आशुतोष मिश्रा आदि सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ग्राम प्रधान व सचिवों को दिया प्रशिक्षण

**पहला।** जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की समस्त बीआरसी पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में बीआरसी पहला में इस मौके पर उपस्थित जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा अनुरूप आसपास के लोगों को प्रशिक्षित करते हुए आपदा की स्थिति से बचाव और सुरक्षा आदि की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए। प्रत्येक वर्ग के लोगो को आपदाओं को प्रभाव को समझे और और उससे बचने के तरीके को अपने और समाज को जागरूक करें उन्होंने कहा जैसे बाढ़ भूकंप अग्निकांड शीतलहर आकाशीय बिजली आदि से बचाव के बारे में उन्होंने जानकारी दी।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने निकाली विशाल तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा

### एलिया मुख्यालय से आरएमपी तक निकाली गई रैली, सैकड़ों किसान मौजूद रहे

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा व संगठन मंत्री प्रदीप शुक्ला श्यामू के नेतृत्व में ऐलिया ब्लॉक मुख्यालय से निकलकर शहर के लालबाग चौराहे से होते हुए आरएमपी मैदान तक विशाल तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकाली गई। जिसमें कई दर्जन ट्रैक्टर व सैकड़ों की संख्या में किसान नेता मौजूद रहे। साथ ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसीलदार महेंद्र कुमार को ज्ञापन देकर आरएमपी मैदान में किसान नेताओं के संबोधन के बाद रैली का समापन किया गया।


तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू टिकैत संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

तिरंगा यात्रा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. राजपाल शर्मा, लखनऊ मंडल अध्यक्ष गुरुमीत सिंह, मंडल महामंत्री सुशील शुक्ला, पूर्वांचल प्रभारी हंसराज, यादव मंडल अध्यक्ष युवा केके सिंह, जिलाध्यक्ष लखनऊ आलोक वर्मा, मंडल संगठन मंत्री राहुल मिश्रा, मंडल प्रवक्ता हरिहर मास्टर, मध्यांचल उपाध्यक्ष हाजी रिजवान गाजी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष उर्मिला रावत, जिला अध्यक्ष रामदास यादव, जिला अध्यक्ष खीरी दिलाबाग सिंह, जिला प्रवक्ता बलबीर सिंह, किसान नेता रवि तिवारी, कौशल दीक्षित, विश्वपाल राठौर, विक्रम गौतम, महताब खान, आरती गौतम, अखिलेश पंजाबी, परमानंद, सुनील आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।

बीती 26 जनवरी को भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर हर तहसील, ब्लॉक में तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकाली गई थी, लेकिन ऐलिया ब्लॉक में संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष महताब खां उस दिन सुबह जब अपने गांव में ट्रैक्टर एकत्रित कर रहे थे, तभी इमलिया पुलिस ने परमिशन का हवाला देते हुए यात्रा निकालने से रोक दिया था। जिसको लेकर 27 जनवरी को संगठन ने प्रदर्शन भी किया था।

## पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

रेउसा, सीतापुर

**अमृत विचार।** बुधवार शाम इंकलाब ग्रुप रेउसा ने कैंडल मार्च निकाला, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पैदल अटल चौक होते हुए ब्लॉक में शहीद स्तंभ पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुद्र त्रिपाठी वीरू भैया संस्थापक अखंड हिंदू वाहिनी के नेतृत्व में आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि के उपलक्ष्य में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ब्लॉक परिसर मे शहीद स्तंभ के सामने कवि सम्मेलन में कवि प्रख्यात मिश्रा कवि संतोष दीक्षित, कवि विख्यात मिश्रा ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों याद में पिछले चार वर्षों से इंकलाब ग्रुप रेउसा द्वारा आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बलिदानियों को याद किया। इस दौरान विश्वास शुक्ला रवि सोनी सुधीर सिंह कपिल गुप्ता पवन वर्मा शैलेंद्र नाग रंजीत कुमार आनंद तिवारी आदि महिला व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 35 घंटे बाद भी युवक का नहीं मिला सुराग, तलाश जारी


युवक की तलाश करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**पैंतेपुर।** पुलिस उपाधीक्षक महमूदाबाद के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह, चौकी इंचार्ज पैंतेपुर अमित पांडेय एसडीआरएफ टीम पैंतेपुर करीब 35 घंटे से लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक युवक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि कोतवाली महमूदाबाद की पुलिस टीम सहित एसडीआरएफ, पीएसी आदि युवक की खोज में पूर्ण प्रयासरत हैं, लेकिन कोई जानकारी अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी। युवक को ढूंढने के प्रयास जारी रहेंगे। दो दिनों से अज्ञात कारणों से गायब एक युवक के परिजनों ने कोतवाली महमूदाबाद में प्रार्थनापत्र देकर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली महमूदाबाद के अंतर्गत ग्राम मदारपुर के निवासी सोहन पुत्र राम प्रवेश ने प्रार्थना पत्र देकर बताया की उसका 30 वर्षीय भाई 13 फरवरी को प्रात : 8 बजे शारदा सहायक नहर पर जाने की बात कहकर निकला था। उसके फोन नंबर 8957378376 पर स्टेटस स्टोरी बाय बाय मैं सुसाइड कर रहा हूं, लिखा है। काफी खोजबीन के बाद कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। युवक का रंग गोरा नीला ब्लेजर एवं जींस की पैंट पहने है। उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से प्राथमिक दर्ज करते हुए उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### ग्रामीणों से मिलकर सांसद ने बताईं सरकार की योजनाएं


महिलाओं से मिलकर सरकार की योजनाएं बतातीं सांसद रेखा वर्मा। अमृत विचार

**सीतापुर।** भाजपा का गांव चलो अभियान के तहत धौरहरा सांसद/राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने संसदीय क्षेत्र के पिसावां ब्लॉक् के अंतर्गत छहेलिया, नैका खेडा, नकटौरा गांव में ग्रामीणों से सम्पर्क किया। इस दौरान सांसद ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। सांसद रेखा अरुण वर्मा ने बूथ अध्यक्षों को भाजपा की टोपी व पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 साल में देश का लगातार विकास हुआ है। निश्चित है कि 2047 में भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का पत्रक दिया और योजनाओं की बारे में जानकारी दी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पुन : एक बार सांसद रेखा को जीताना है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष महोली अतुल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पिसावा शिव प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिला मंत्री तरुण शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### गुरु की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष के किये दो टुकड़े

**पैंतेपुर।** मीरा नगर गांव में आयोजित श्री राम लीला के तीसरे दिन की लीला का शुभारंभ मुनि मुनि विश्वामित्र के आश्रम में राजा जनक द्वारा भेजे गए आमंत्रण पत्र से हुआ जिसमे उन्हें मिथिला नगर में आयोजित धनुष यज्ञ के लिए आमंत्रित किया गया था। मुनि विश्वामित्र श्री राम और लक्ष्मण के साथ जनक पर को प्रस्थान किए तभी मार्ग में उन्हें एक पत्थर की शिला मिली। राम के पूछने पर मुनि ने गौतम की पत्नी अहिल्या के श्राप से संबंधित संपूर्ण कथा बताते हुए कहा प्रभु आपके चरणों के स्पर्श से इसका उद्धार होगा। भगवान राम ने उसे चरण रज देकर श्राप से मुक्त किया। एक दिन गुरु की आज्ञा पाकर श्री राम और लक्ष्मण पुष्प वाटिका में पुष्प लेने के लिए चले उधर से माता सीता भी गौरी पूजन के लिए पुष्प वाटिका में स्थित मंदिर आई। जैसे ही सीता ने राम को देखा मन ही मन उन्हें अपना प्रियवर मानकर माता पार्वती से अपने जीवनसाथी के रूप में राम को पाने की कामना की। जनक के दरबार में स्वयंवर की सभा तैयार हुई। राजा ने घोषणा की जो इस शिव धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ माता सीता का विवाह होगा। अनेक राजाओं ने पूर्ण बल का प्रयोग कर प्रयास किया किंतु धनुष तोड़ना तो दूर उसे तिल भर हिला न सके। अंत में गुरु की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष के दो टुकड़े किए। पूरा मंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस रामलीला में सत्यवान पटेल, अभयराज पटेल, राजकुमार, सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्मार्टफोन से छात्रों को पढ़ाई में मदद मिलेगी: शशांक


महोली विधायक शशांक त्रिवेदी व प्रबंधक के साथ स्मार्टफोन पाने वाली छात्राएं।

**कुतुबनगर, अमृत विचार।** क्षेत्र के विद्या निकेतन डिग्री कालेज संस्थान में बुधवार को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने विद्यालय के 80 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक शशांक तिर्वेदी ने सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा में सहुलियत मिले इसके लिए भाजपा सरकार स्मार्टफोन व लैपटाप वितरित कर रही है। जिसके माध्यम से छात्रों को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक दीपिका यादव सहप्रबंधक विजयमालिनी, प्राचार्य विनय मिश्रा, शिक्षक संगीता रावत, लवकुश वर्मा, दिलीप कुमार, शैलेश मौर्य, अजीत कुमार, आशीष सिंह, सीमा शुक्ला, ब्यूटी शुक्ला, मोनी सैनी, अभिषेक सैनी, अम्बरीष तिवारी समेत छात्र छात्राएं चांदनी, विनीता,महेश, शिवंशी यादव, शुशील आदि मौजूद रहे।

## मनहर के दूसरे अंक का हुआ लोकार्पण


नैमिषारण्य में मनहर के दूसरे अंक का लोकार्पण करते कुमार विश्वास के माता-पिता व अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जाने माने कवि डॉ. कुमार विश्वास के प्रशंसकों द्वारा बनाए गए विश्वासम् परिवार की पत्रिका 'मनहर' के द्वितीय अंक का लोकार्पण बुधवार को किया गया। नैमिषारण्य के श्रीत्रिपुरसुंदरी संस्कृत विद्यापीठ में डॉ. विश्वास के पिता प्रो. चंद्रपाल शर्मा एवं माता रमा शर्मा ने पत्रिका का लोकार्पण किया।

प्रो. शर्मा ने कहा कि विश्वासम् परिवार की 'मनहर' पत्रिका की विषय वस्तु वाकई में मनहर है। उन्होंने कहा कि पत्रिका की प्रधान संपादिका संगीता श्रीवास्तव की टीम ने काफी शोध के बाद पत्रिका की विषय वस्तु को स्थान दिया है। पत्रिका की प्रधान संपादिका संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ वक्त पहले डॉ. कुमार विश्वास के प्रसंशकों को एक मंच पर लाने की योजना बनाई गई। पत्रिका से जुड़े समय तिवारी ने पत्रिका के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि विश्वास के विचार, प्रशंसकों की पोथी, प्रशंसकों की पाती, कतरन, पुस्तक विमर्श, विशिष्टम, दृश्यमा, चित्रम, अनुभवम, तर्पणम, ज्ञटपेउ जैसे पृष्ठों के माध्यम से काफी कुछ नया करने की कोशिश की गई है। राजस्थान के रहने वाले पवन मालपानी ने कहा कि ऐसा इतिहास में पहली बार हो रहा है कि किसी सिलेब्रेटी के प्रशंसकों ने उन्हें समर्पित करते हुए पूरी एक मासिक पत्रिका ही निकाल दी।

## आस्था

### ऊंट, घोड़ा, पालकी व रथ पर सवार होकर निकली झांकियां, शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है

महोली, सीतापुर

**अमृत विचार।** जय माता दी कहते जाओ आने जाने वालों को, तुम मत देखो अपने पांव के छालों को, जिसने जितना दर्द सहा है उतना चैन भी पाया है। मां के भजनों पर झूमते और आस्था में डूबे श्रद्धालुओं को रेला सड़कों से गुजरा तो हर कोई भक्तिभाव से झूमने लगा। मां कात्यायनी मंदिर से पूजन के पश्चात निकली शोभा यात्रा बाबा बैजनाथ धाम, राधा कृष्ण मंदिर, टेकेश्वर मंदिर, देवी माता मंदिर, हनुमान मंदिर, मां संकटा देवी मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर व शनिदेव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में मूर्तियों का माला से स्पर्श कराकर पंचांग पूजन पं. रंगनाथ पांडेय ने कराया।

इन मंदिरों से होते हुए शोभा यात्रा वापस मां कात्यायनी मंदिर पर पहुंची। इस दौरान आठ घोड़ियां, ऊंट, रथ, पालकी, बैलगाड़ी पर सुंदर झांकियां शोभा यात्रा में चार चांद लगा रही थीं। महिलाएं व पुरुष माता के भजनों पर जमकर थिरके। शोभा यात्रा का दीक्षित टोला समेत कई जगह पर स्वागत भी किया गया। इस दौरान विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बसंत लाल त्रिवेदी, मनोज मिश्र, शिवबरदानी शुक्ला, पीयूष मिश्र, मनोज त्रिवेदी, सिंटू मिश्र, नन्हा दीक्षित, केशव शुक्ला, अनुराग बाजपेयी, कमलेश आर्य समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मंदिर में स्थापित हुईं मूर्तियां

पूजन के पश्चात महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली, गणेशजी, भैरव बाबा, नरमदेश्वर महादेव, शिव पंचायतन की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की गई। इस दौरान महाभोग अर्पण, विशेष बलि अर्पण किया गया। पंच शिखर मंदिर के ऊपरी भाग पर सप्तधातुओं सहित स्थापित किए गए, तत्पश्चात सभी देवी, देवताओं के हवन, पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण व दक्षिणा के बाद पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन हो गया।


शोभायात्रा के दौरान झांकियां निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

# रेउसा थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग

**बिसवां, अमृत विचार।** वादा फाउंडेशन एवं बाढ़ प्रभावित जन मुक्ति मोर्चा संयोजक ने महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। योगी सरकार महिला हिंसा छेड़छाड़ और बलात्कार के खिलाफ जिलों जीरो टॉलरेंस की बात कर रही है। वहीं रेउसा थानाध्यक्ष सरेआम मुख्यमंत्री के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक को कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। यह बात वादा फाउंडेशन के महासचिव, बाढ़ प्रभावित जन मुक्ति मोर्चा के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार अंशुमान सिंह ने बिसवां में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।



प्रेस वार्ता करते वादा फाउंडेशन व बाढ़ प्रभावित जनमुक्ति मोर्चा के संयोजक।

उन्होंने कहा कि वादा फाउंडेशन और बाढ़ प्रभावित जनमुक्ति मोर्चा विगत 20 वर्षों से प्रदेश के अन्य जनपदों सहित सीतापुर में भी दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यको, युवा-युवतियों, महिलाओं व बच्चे-बच्चियों की आवाज और अधिकारों को बुलंद करने का काम करता रहा है। बाढ़ कटान का दंश झेल रहे परिवारों का घर पक्का न होने से शराबी, मनचले आये दिन महिलाओं व लड़कियों के साथ गाली गलौज, छेड़छाड़ और बलात्कार की घटनाओं को अंजाम देते रहते है। उन्होंने बताया कि इसी मुद्दे पर 12 फरवरी को अपने तीन साथियो के साथ थानाध्यक्ष रेउसा से बातचीत करने गया था, तो उन्होंने बातचीत करने के बजाय मेरे साथ अभद्रता की। अंशुमान सिंह ने आगे कहा कि उन्होंने उपजिलाधिकारी बिसवां को फोन किया। उनको पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की। उन्होंने देखवाने की बात कही और फोन काट दिया। प्रेस वार्ता मे यह भी कहा कि मेरे साथ दुवर्ऱ्यवहार और अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले इस थानाध्यक्ष पर कठोर कार्यवाही करे। इस दौरान श्रीराम यादव, कांशीराम भार्गव, रामप्रसाद गौतम, ज्योति, रामप्यारी, श्रमावती आदि मौजूद रहे।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहे हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहे हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकारियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्तिगत कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

# संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए,सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता,क्रिटिकैलिटी,विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है,बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित,यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे,लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं,लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था,लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है,वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है,परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है,लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं,लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं,उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

## प्रसंगवश

# महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

कल वैलेंटाइन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था,खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है,ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम-अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है,यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

# लिव इन अब कोई खेल नहीं



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है,क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है,लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों,वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है,बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है,किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

## सोशल फोरम

# कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

# राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिंदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

# संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है,इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है,जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए,ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है,लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे,लोन लेने,होटल,टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया,लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित,लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है,कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी,लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया,यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

## एक नजर

### पैमाइश के लिए घूस लेने वाला लेखपाल निलंबित

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : भूमि पैमाइश के लिए 10 हजार रुपये घूस लेने वाले लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित लेखपाल के विरुद्ध जांच भी कराई जा रही है। विजिलेंस टीम ने मंगलवार को रुदौली तहसील के लेखपाल शिव कुमार पांडेय को एक चाय की दुकान पर घूस लेते गिरफ्तार किया था। आरोपी लेखपाल के विरुद्ध कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। एसडीएम अंशिका दीक्षित ने बुधवार को बताया कि लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### गोवा के सीएम मंत्रिमंडल के साथ आज आएंगे अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत अपने मंत्रिमंडल, विधायकों व 51 सदस्य दल के साथ 15 फरवरी को रामलला के दर्शन करने आएंगे। वो सुबह 10 :45 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचेंगे। ये जानकारी श्रीरामंदिर दर्शन मीडिया प्रबन्धन के दिवाकर सिंह ने बुधवार को दी।

### मोर्चा व यूनियन का 16 को बाजार बंदी का एलान

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता 16 जनवरी को बाजार बंद कराएंगे। यह बात जिला उपाध्यक्ष शंकरपाल पांडेय ने बुधवार को कही। उन्होंने बताया कि गारंटी कानून बनाने, कृषि योग्य भूमियों का अधिग्रहण न करने और भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू करने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने का मामला उठाया जाएगा।


# राम मंदिर में रंगोत्सव का आगाज

## वसंत पंचमी पर पांच हजार मठ-मंदिरों में प्रभु को लगाया गया गुलाल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : वसंत पंचमी से रामलला के भव्य मंदिर में रंगोत्सव का आगाज हो गया। अब हर दिन अलग-अलग रंगों में इस उत्सव को मनाया जाएगा। 40 दिन तक मठ-मंदिरों में प्रतिदिन प्रभु के श्रंगार व आरती-पूजन में अबीर और गुलाल चढ़ाया जाएगा।

राम मंदिर सहित पांच हजार मठ मंदिरों में बुधवार को श्रंगार आरती के साथ गर्भगृह में प्रभु को अबीर और गुलाल चढ़ाकर रंग उत्सव की शुरुआत हुई। वसंत पंचमी को मनाने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। सरयू में स्नान करने के बाद राम जन्मभूमि हनुमानगढ़ी सहित मंदिर में दर्शन पूजन कर उत्सव में शामिल हुए। दोपहर 12 बजे विशेष आरती पूजन किया गया। इस दौरान उन्हें अबीर और गुलाल को भी समर्पित हुआ। पूजन के बाद विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगा प्रसाद वितरित किया गया। सुबह सात बजे से रात्रि 10 बजे तक भगवान के दर्शन को भक्तों का ताता लगा हुआ था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि वसंत पंचमी को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान हो रहे हैं। सभी आनंद से उत्सव को मना रहे हैं।


भव्य मंदिर में विराजमान रामलला।

### पुजारी और प्रभु साथ-साथ खेलते होली

सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर पर वसंत पंचमी का खासा महत्व है। इस दिन मंदिर में सुबह पांच बजे हनुमानजी व उनके पुजारी और नागा साधु के बीच होली का विशेष आयोजन होता है। इस दौरान किसी भी अन्य को आयोजन में शामिल होने की अनुमति नहीं होती। मंदिर के कथा व्यास मधुबन दास बताते हैं कि सुबह मंगल आरती के बाद हनुमान जी महाराज को अबीर और गुलाल लगाया जाता है। कहा जाता है कि दौरान प्रभु स्वयं वहां पर उपस्थित होते हैं और अपने साधकों के साथ होली खेलते हैं।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई वसंत पंचमी



देवा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार


गोसाईगंज सरस्वती विद्या मंदिर में छात्राओं ने दी मनोहारी प्रस्तुति। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : वसंत पंचमी का पर्व बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान दायिनी देवी सरस्वती पूजी गईं।

मसौधा संवाददाता के अनुसार उसरु-अमौना स्थित देवा पब्लिक स्कूल व देवा इंटर कॉलेज में प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, उपप्रबंधक अजय उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा, शैक्षिक प्रमुख सीता सरन मिश्रा के साथ छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती का पूजन किया। शिक्षक घनश्याम यादव ने संबोधित किया। शिक्षक कमलेश कुमार श्रीवास्तव, घनश्याम यादव, अनु पाण्डेय, मोनिका, पिंकी, सुमन, नेहा व प्रीति ने संयोजन किया।

गोसाईगंज संवाददाता के अनुसार इलाके के सभी शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजन-अर्चन किया गया। सरस्वती शिक्षा मंदिर में बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप जायसवाल ने सम्बोधन दिया। पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र, संजय पराग, सर्वेश मोनू, रामप्रकाश पांडेय मौजूद रहे।

पूराबाजार संवाददाता के अनुसार रसूलाबाद में ऐमी आलापुर स्थित टीआर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीएम त्रिपाठी ने बताया मुख्य अतिथि इतिहासकार डॉ. हरि प्रसाद दुबे व प्रबंधक अजय दुबे ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने बोर्ड में शामिल होने जा रहे समस्त परीक्षार्थियों के लिए शुभकामनाएं दीं। नए सत्र में प्रथम 51 होनहार छात्रों का निशुल्क प्रवेश की घोषणा की। विद्या भूषण, राजेश मिश्रा, सौरभ बादल, प्रतिभा, रूबी, ललिता, सरिता मौजूद रहीं। भेलसर संवाददाता के अनुसार डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य डॉ. भावना मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। शिक्षक जितेंद्र मिश्रा, नीरज द्विवेदी, आमिर शाह तबरेज, सविता बालियान , मधुलिका श्रीवास्तव, वत्सला सिंह, नैनसी सिंह अनन्या श्रीवास्तव, हिना परवीन मौजूद रहीं।

## छात्र-छात्राएं जीवन में ज्ञान की ज्योति जलाएं : कुलपति


अवध विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजन करतीं कुलपति। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने छात्राओं के साथ विधि मंत्रोचार के साथ सरस्वती पूजन किया। कुलपति ने कहा कि ज्ञान, संगीत और कला की अधिष्ठात्री मां सरस्वती सभी के लिए मार्ग प्रशस्त करें। सभी छात्र-छात्राएं अपने जीवन में ज्ञान की ज्योति जलाएं रखे। इसके लिए स्वाध्याय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, वार्डन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. स्वाति सिंह, गायत्री वर्मा समेत तमाम छात्राएं शामिल रहीं।

# राम मंदिर प्राचीन व नवीन टेक्नोलॉजी का अद्भुत मिश्रण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में भव्य राम मंदिर हमारी प्राचीन और नवीन तकनीकी का अदभुद मिश्रण है। यह परिकल्पना भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही देन है। ये बातें बुधवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री साइंस और टेक्नोलॉजी जितेन्द्र सिंह ने कहीं। वो रामलला के दर्शन करने के बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

वसंत पंचमी पर रामलला के दर्शन कर अभिभूत केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केवल हमारे ही नहीं बल्कि सर्वसमाज के लिए राम मंदिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई अयोध्या आकर रामलला के दर्शन के लिए उत्सुक और व्याकुल है। 20-22 पीढ़ियों के त्याग और बलिदान के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुई। जो अपने आप में एक इतिहास रचने वाला कार्य है।

मंत्री ने कहा कि आज राम मंदिर निर्माण में जहां आधुनिक तकनीक के जरिए भूकंपरोधी बनाया गया है। वहीं रामलला को सूर्य की किरणें नमन करें यह हमारी प्राचीन काल की तकनीक है। इन दोनों का अदभुद मिश्रण राम मंदिर को भव्यता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि आज उनके संसदीय क्षेत्र कटरा वैष्णो देवी उधमपुर से आस्था ट्रेन श्रद्धालुओं को लेकर आई है। उन श्रद्धालुओं के स्वागत और उनसे बातचीत का भी अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह और प्रतिनिधि रोहित सिंह ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर केन्द्रीय राज्य मंत्री का स्वागत किया।


जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सर्किट हाउस में केन्द्रीय राज्य मंत्री मंत्री जितेंद्र सिंह का समर्थकों के साथ स्वागत किया।

▶▶ केंद्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र बोले-वसंत पंचमी पर रामलला के दर्शन कर हूं अभिभूत

# राम मंदिर को समर्पित किए 64 रजत कलश

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चेन्नई के शारदा श्रृंगेरी मठ के सानिध्य में रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने बुधवार को 16 पवित्र नदियों के जल से युक्त 64 रजत कलश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे। इसके साथ ही 16 नदियों की रज और चांदी की तीन चरण पादुका भी ट्रस्ट को भेंट की हैं। रजत कलश का पूजन चेन्नई के 64 लाख घरों में हुआ है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए 48 दिवसीय मंडप उत्सव में चेन्नई से आए 64 रजत कलशों में रखे पवित्र 16 नदियों के जल से पूजन किया जाएगा। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य को तुलसी उद्यान के मंच पर रामोत्सव कार्यक्रम में समर्पित किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम के संयोजक व इंडिया थिंक काउंसिल नई दिल्ली के सदस्य सौरभ पांडेय ने बताया कि रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने 16 पवित्र नदियों के जल को एकत्र करने का अभियान राममंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद शुरू किया था। जल एकत्रित करने के बाद इसे चांदी के कलश में रखकर अयोध्या लाया गया है। इसके साथ चांदी की चरण पादुका भी है। इनके निर्माण में 25 किलो चांदी का प्रयोग हुआ है। इसमें करीब 45 लाख का व्यय आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने कहा कि कलश को समर्पित करने वाले भक्तों पर कृपा हमेशा बनी रहे।



**चांदी की तीन चरण पादुका भी सौंपी**

**कलश में है इन नदियों का जल**

चांदी के कलश में गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा, तुंगभद्रा, पूर्णा, प्राणिहता, गंडकी, भीमरथी, सरयू, ताम्रवर्णी, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, गोदावरी, सिंधु, सरस्वती का जल है।

रजत कलश और चांदी की चरण पादुका का पूजन करते आचार्य।

# मां सरस्वती की पूजा से बच्चों का बढ़ता है ज्ञान


कॉलेज में पूजन करतीं प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी। अमृत विचार

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमर नगर बिसवा में मां सरस्वती की पूजा एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण कर पूजन का शुभारंभ किया। विद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने हवन पूजन किया। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की हम लोग विधिपूर्वक पूजा करते हैं, इसी दिन बसंत ऋतु का आगमन होता है जो सभी ऋतुओं का राजा है। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग पीले वस्त्र धारण कर मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा करते हैं और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरीके से बसंत पंचमी मनाई जाती है इस दिन लोग पतंग भी उड़ाते हैं। मां सरस्वती की पूजा से बच्चों में विद्या के प्रति ज्ञान बढ़ता है और मां सरस्वती की जिस पर कृपा हो जाए वह अवश्य ही विद्वान बनता है। इसलिए सभी बच्चों को मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए जिससे हमारा ज्ञान जागृत हो। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारीगण एवं विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विद्यालय में प्रवेश को छात्रों ने किया पोथी पूजन

खैराबाद, सीतापुर

अमृत विचार। नौनिहाल बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। जिस प्रकार कच्ची मिट्टी को चाक पर बंद करके कुम्हार बर्तन का आकार देता है। उसी प्रकार विद्यालय में अध्यापक अपने छात्र-छात्राओं को शिक्षा गृहण कराकर के एक नया आकार देता है। उक्त बात को विकासखंड परसेन्डी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मीर नगर में बसंत पंचमी के अवसर पर प्रबंधक धीरज कुमार शुक्ला ने कहीं।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में ऐसी शिक्षा दी जाएगी। अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि विद्यालय के समग्र विकास के लिए हर एक प्रयास किया जाएगा। विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बसंत पंचमी का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। माता सरस्वती की पूजन करने के साथ-साथ हवन पूजन किया गया। वहीं पर नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का पोथी पूजन का भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के नौनिहाल बच्चों द्वारा स्शिवतांडव, सीता स्वयंवर देश गीत, सरस्वती वंदना राधाकृष्णन का मंचन आदि कार्यक्रम किए गए। विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विद्यालय में प्रथम भौतिक और तृतीय स्थान पाकर अधिक अंक पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक धीरज कुमार शुक्ल ने कहा कि विद्यालय में जो प्रथम स्थान प्राप्त करेगा उसे अगले साल बसंत पंचमी के दिन पुरस्कार के रूप में एक साईकिल भेंट की जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक धीरज कुमार शुक्ला, विद्यालय अध्यक्ष राजेश मिश्रा विद्यालय प्रधानाध्यापक सुनील कुमार दीक्षित, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, ललित कुमार शुक्ला, अवधेश जायसवाल, अखिल त्रिवेदी सहित विद्यालय के अध्यापक और छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।


बंसत पचमी पर पूजा करते प्रबंधक धीरज शुक्ला। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मना वसंत पंचमी उत्सव

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। वसंत पंचमी के उत्सव के मौके पर कॉलेज की प्राचार्या, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने मां सरस्वती का पूजन किया। इस मौके पर मेंहदी, सेल्फी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में 14 फरवरी 2019 में हुए पुलवामा अटैक में शहीद हुए भारत मां के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी भी गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, प्राचार्या डा. स्तुति वर्मा, उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डा. अब्दुल रब खान, एचओडी डॉ. राहुल शर्मा, रजिस्ट्रार रोहित, अनुपम, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बानो, शशि प्रभा, रीता, नसरा समी, तारिक, रिहान, ज्योति, स्टाफ तिलक राज, प्रवीण, प्रीति, अबरार आदि मौजूद रहे।


मां सरस्वती का पूजन करतीं कॉलेज प्राचार्य।

### आपस में प्रेम की भावना को और मजबूत करें विद्यार्थी: एसडीएम


विदाई समारोह के दौरान मौजूद एसडीएम, छात्राएं व अतिथि।

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के सेमरी चौराहा स्थित संजू प्रजापति स्मारक इण्टर कॉलेज में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। एसडीएम शिखा शुक्ला एवं सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन रमेश बाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कक्षा 12 के विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है इसमें अनुशासित ढंग से शिक्षा ग्रहण करकर ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थी आपस में प्रेम व सामंजस्य की भावना को और मजबूत करें। उपजिलाधिकारी ने सभी को बताया तो छात्र-छात्राओं ने प्रेरित होकर प्रांगण को तालियों की गूंज से भर दिया। इस मौके पर भाजपा नेता मोहन बारी, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, कमलेश तिवारी, पप्पू रावत, लोकपति वर्मा, आलोक वर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक भी मौजूद रहे।

### कलशयात्रा के साथ धूमधाम से निकली शिव की बारात

कुतुबनगर, सीतापुर। पुलिस चौकी के पास बालाजी ट्रेडर्स के सामने भगवान शिव मंदिर पर बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने कलश भरकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर गांव के विभिन्न गलियों से होती हुई द्रोणाचार्य घाट पर पहुंची, जहां पर पूजन के बाद महिलाओं ने कलश भरकर वापस शिव मंदिर पर आईं। मंगलवार को भगवान शंकर जी की बारात ग्राम के सभी मंदिरों से होती हुई प्रसिद्ध मुल्ला भीरी मंदिर पहुंचकर वापस हुई। 14 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दिनेश, लवलेश, चंद किशोर, शिवशंकर, राजेश, निशु, सुनीत, आकाश, सूरज, बबई, रज्जन शुक्ला, कौशल शर्मा, सोनू, अरविन्द, मुकेश, नीलू, अनिल, संजय, प्रधान कुतुबनगर प्रधान गीता गुप्ता, नैमिष गुप्ता, आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।


कलश यात्रा में शिव-पार्वती के भेष में बच्चे।

# बच्चों को जिले में ही अच्छी पढ़ाई का अवसर : मनीष

▶▶ आर्यकुल कालेज की आर्य शुभा में निहारिका और अथर्व बने मिस और मिस्टर फ्रेशर

सिधौली, सीतापुर

अमृत विचार। आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के सीतापुर कैंपस में फ्रेशर्स पार्टी आर्य शुभा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया इस अवसर पर कॉलेज के सीनियर और जूनियर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर मनीष रावत विधायक, सिधौली और ब्लाक प्रमुख, सिधौली, रामबक्श रावत, मो. आरिफ प्रधानाचार्य, अभिषेक शुक्ला प्रधानाचार्य, वीरेन्द्र तिवारी प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक मनीष रावत ने कहा कि पूरे सीतापुर क्षेत्र में आर्यकुल कॉलेज एकमात्र ऐसा कॉलेज है, जहां पर फार्मेसी की क्षेत्र में रेगुलर रूप से बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही साथ इस कॉलेज के कारण सीतापुर के बच्चों को अपने ही जिले में अच्छी पढ़ाई का अवसर प्राप्त हो रहा है, जिससे जिले का नाम रोशन होगा। वहीं, आर्यकुल कॉलेज के प्रबंध निदेशक सशक्त सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में भी बच्चों ने इतनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुती दी है, जो कि अपने आप में तारीफ के काबिल है। वहीं, विभिन्न कालेज से आये प्रधानाचार्यों ने आर्यकुल कालेज की अपने-अपने ढंग से फार्मेसी शिक्षा के विस्तार के लिए तारीफ की और कहा कि सीतापुर जिले में आर्यकुल फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। जिसमें मिस्टर फ्रेशर अर्थव यादव, मिस फ्रेशर निहारिका यादव, मिस एलिगेंट रोली यादव एवं मिस्टर एलिगेंट कृष्ण गोपाल तिवारी के साथ मिस्टर टैलेंट राकेश मिश्रा और मिस टैलेंट सुधा देवी को घोषित किया गया। कार्यक्रम में उपनिदेशक प्रो. आदित्य सिंह, एचओडी डॉ. अब्दुल रब खान, प्रो. बी.के. सिंह, डॉ. राहुल शर्मा, मो. रेहान, राजीव कुमार, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, ऋषभ शुक्ला, शशि प्रभा, तबस्सुम बानो, ज्योति वर्मा, नसरा समीं, मो.तारिक, प्रवीन यादव, रीता राय, कोमल, सोनी, अबरार, अरूण सिंह, प्रीति यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



फ्रेशर्स पार्टी में विधायक मनीष रावत, ब्लॉक प्रमुख रामबक्श रावत, प्रधानाचार्य मो. आरिफ व अन्य।

# निःशुल्क शिविर में लोगों की जांच कर दवाएं की वितरित

सीतापुर, अमृत विचार। अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड हरगाँव के आर्थिक सहयोग से पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन नई दिल्ली ने क्षेत्र के ग्राम निगोहां, परसेहरा शरीफपुर, मुदरासन तथा सुर्जीपारा में चार स्वास्थ्य शिविर का अलग-अलग दिनों पर आयोजन किया गया। जिसमें डाक्टरों ने 470 मरीजों के फेफड़ों, शुगर, बीपी, पल्स, गैस्ट्रोलाजिस्ट, गाइनकॉलजिस्ट संबंधी नि :शुल्क जांच कर नि :शुल्क दवाएं वितरित कीं। पीएचडी रूरल डेवलेपमेंट फाउंडेशन की टीम लीडर अंजना के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम तथा मिल अस्पताल के डॉ आरपी मिश्र, उमेश सिंह, रामरूप मुनेंद्र कुमार द्वारा मरीजों को देखा गया। स्वास्थ्य शिविर का समापन अधिशासी उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं शरद सिंह ने किया। इस अवसर पर अधिशासी उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा, गांव की महिलाओं की बीमारी में यह स्वास्थ्य शिविर सहायक हुआ है। इससे उन्हें लाभ मिलेगा। वह घर के काम के कारण स्वयं की बीमारी के लिए समय नहीं निकाल पाती थी और गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाती थीं। स्वास्थ्य शिविर लगने के एक माह बाद पुन : चिकित्सकों की एक टीम गांवों में आएगी और मरीजों से सम्पर्क करेगी। अधिशासी उपाध्यक्ष शरद सिंह ने बताया यहां के बाद सोमवार को चीनी मिल द्वारा लगातार ऐसे आयोजन होते रहेंगे। इन शिविरों में महिलाओं की अच्छी खासी भागीदारी रही है। उन्होंने अपनी बीमारियों को चिकित्सकों से साझा किया है। महिलाओं के पास अत्यधिक जिम्मेदारी है इसलिए हम लोगों को उनके बारे में सोचना चाहिए। उनके बीमार होते ही सब अव्यवस्थित हो जाता है। इस अवसर पर अधिशासी उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, आनंद गुप्ता, उपमहाप्रबंधक संजीव राणा, देवेन्द्र सिंह, विनीत सिसोदिया सहित मिल अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।


शिविर में लोगों की जांच करतीं चिकित्सकों की टीम।

# 4 ब्लाकों के तीन सौ ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने थामा भाजपा का दामन

## जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि प्रतिष्ठान परिसर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अमेठी पहुंचने के पूर्व भाजपा कांग्रेस पर जनसमर्थन दबाव बनाने की तैयारी में लगी हुई है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने बुधवार को अपने प्रतिष्ठान परिसर में एक बड़े पोलिटिकल शो का आयोजन किया और अमेठी विधानसभा क्षेत्र के चार विकास खंडों के 300 ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सदस्यता दिलाते हुए भाजपा का झंडा थमाया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र और एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

बुधवार को अग्रहरि मसाला उद्योग परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने भारतीय जनता पार्टी की मजबूती के क्रम में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में अमेठी, भादर, भेंटुआ और संग्रामपुर विकास खंड के ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य बुलाए गए थे। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र की उपस्थिति में इन पंचायत प्रतिनिधियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया।


जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर सदस्यता ग्रहण करते प्रधान व मौजूद बीडीसी। अमृत विचार

### जनता जानती है भाजपा में ही सुरक्षित है भविष्य : मिश्र

भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को धरातल पर उतार कर भारत को विश्व गुरु राष्ट्र बना दिया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यहां विकास की गंगा बहाई है। भाजपा दुनिया की नम्बर एक की राजनीतिक पार्टी है। जनता जानती है कि भाजपा में ही सबकी सुरक्षा, सम्मान और विकास सम्भव है, इसीलिए लोग कमल खिलाने के लिए स्वयं आगे बढ़कर भाजपा का झंडा थाम रहे हैं। राजेश अग्रहरि ने कार्यक्रम को विधानसभा मिलन समारोह नाम दिया था। जनता दल और लोक दल की राजनीति कर चुके पुराने नेता संकठा प्रसाद यादव, शीतला प्रसाद, संजय पाल, अनिल पाल, वीरेंद्र यादव, संजीव सिंह कसारा, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### नीतियों से हुए प्रभावित : राजेश

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि अमेठी में स्मृति ईरानी ने विकास की गंगा बहाई है। दीदी के सामने स्टैंड करने का साहस किसी भी राजनीतिक दल के पास नहीं है। 300 से अधिक ग्राम प्रधान और बीडीसी डबल इंजन सरकार की नीतियों और स्मृति ईरानी के कार्य व्यवहार व विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं।

### नहीं हुई कोई सदस्यता

बुधवार को राजेश अग्रहरि की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कई प्रधानों ने बताया कि वहां भाजपा की सदस्यता जैसा कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सभी प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर मांगे हैं। राजेश अग्रहरि ने 22 फरवरी को सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के नवनिर्मित आशियाने मेदन मेवई में घर उतार का न्योता दिया है।

### दावा झूठा, राहुल की यात्रा से घबराई भाजपा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव राजीव सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के आमंत्रण पर गये थे। जिले का प्रथम नागरिक होने के नाते सब उनका सम्मान करते हैं। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ले ली है, यह दावा झूठा है। इस समय डबल इंजन की सरकार है। कोई भी पंचायत प्रतिनिधि सरकार से बैर नहीं लेना चाहता, चुनाव में लोग अपने मनपसंद दल के साथ रहेंगे। पंचायत प्रतिनिधियों की सहायता से लोक सभा चुनाव हित साधन की तैयारी की जा रही है।

## एक नजर

### टैंकर की टक्कर से विद्युत संविदा कर्मचारी घायल

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** फुरसतगंज थाना क्षेत्र के रायबरेली सुल्तानपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर अकेलवा चौराहे के पास टैंकर व कार की टक्कर हो गई। जिसमें उपकेंद्र फुरसतगंज में तैनात संविदा विद्युत कर्मचारी एसएसओ विजय कुमार (45) निवासी थौरी जिला अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार को छुट्टी के बाद अपने घर किसी कार से उपकेंद्र फुरसतगंज से जायस की ओर जा रहे थे। उसी दौरान अकेलवा चौराहे के पास अचानक कार और टैंकर की भिड़ंत से विद्युत कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो की सूचना पर 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सीएचसी पर प्रथम उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर में जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया।

### सेंट्रल बार में 4 उपाध्यक्ष मनोनीत

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार :** सेंट्रल बार एशोसिएशन जिला मुख्यालय अमेठी ने संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सर्व सम्मति से चार उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सेंट्रल बार एशोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम सरोज व महामंत्री मोहम्मद इस्लाम सिद्दीकी ने बुधवार को मनोनीत अध्यक्षों को प्रमाण पत्र सौंपा। नव नियुक्त उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, त्रिपुरारि सिंह, शिशिर शुक्ल व प्रवीण मिश्र ने संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए संगठन के द्वारा दिए गए दायित्व के निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष सुशील तिवारी, संयोजक सूर्य प्रकाश तिवारी व प्रवक्ता शीतला मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# ऑफलाइन टेंडर देने की तैयारी, सभासदों को पड़ रही भारी

**आरोप**

- 70 ऑफलाइन व 4 ऑनलाइन जायस नपा ने निकाले है टेंडर
- 10 लाख तक के कार्यों का ऑफलाइन टेंडर निकालने का है प्रावधान

जायस, अमेठी

**अमृत विचार :** बुधवार को नगर पालिका जायस ने राजवित्त आयोग व 15वें वित्त आयोग कायाकल्प के तहत आदर्श नगर पालिका जायस के विकास के लिए 70 कार्यों का ऑफलाइन टेंडर निकाला है। जबकि 4 टेंडर ऑनलाइन निकाले गए है। जो आज दो बजे तक जमा किये जायेंगे। आरोप है कि यह टेंडर अपने चहेतों को देने के लिए साजिशन धन का बंदरबांट करने के लिए निकाला गया है।

10 लाख रुपये से कम के सभी 70 कार्यों का टेंडर निकाला गया है। आरोप है कि बर्चस्व की जंग में चेयरमैन व सत्ताधारी की हनक में सभी टेंडर अपने-अपने करीबियों को देने की फिराक में जुटे हुए हैं। नगर पालिका जायस में बुधवार को 70 कार्यों के लिए ऑफ़लाइन टेंडर निकाला गया था। जबकि 4 टेंडर ऑनलाइन निकाले गए हैं। 54 टेंडर राजवित्त आयोग, 13 टेंडर 15वें वित्त आयोग व 3 टेंडर ऑपरेशन कायाकल्प के तहत निकाले गए है। ऑफलाइन सभी टेंडर 10 लाख रुपये से कम के है। ईओ रविन्द्र मोहन ने बताया कि 10 लाख रुपये से कम के कार्यों का टेंडर ऑफ लाइन निकालने का प्रावधान है। वहीं कुछ सभासदों का आरोप है कि धन का दुरुपयोग करने के लिए बर्चस्व की जंग में चेयरमैन व सत्ता पक्ष की हनक रखने वालों ने ही पालिका पर अपना दबदबा कायम रखने के लिए ही 10 लाख रुपये से कम के कार्यों का ही टेंडर निकलवाया है। जबकि जिन कार्यों का मरम्मतीकरण करवाना, खुले पड़े नेशनल हाइवे किनारे नालों को बंद करने जैसे अनिवार्य कार्यों का कोई ध्यान नहीं दिया गया है। कस्बे के भीतर नेशनल हाइवे पर एक भी स्वच्छ शौचालय का निर्माण कराने का कोई प्रस्ताव नहीं किया गया है। आरोप तो यह भी है कि टेंडर ऑफ लाइन निकालने का सिर्फ एक ही मकसद था कि निवर्तमान व मौजूदा चेयरमैन सिर्फ अपने-अपने चहेतों या फिर खुद तैयार किये गए फर्मों के हवाले से धन का बन्दरबांट करना उनका मुख्य उद्देश्य है। लिपिक राम मोहन शुक्ल ने बताया कि 5 बजे से पहले टेंडर फार्मों को सीन करा लिया गया था। करीब साढ़े सात बजे तक टेंडर फार्मों की बिक्री हुई है। रात 8 बजे तक कितने टेंडर फार्मों की बिक्री हुई है इसकी जानकारी पालिका प्रशासन खबर प्रकाशित होने तक देने में आनाकानी करता रहा। ऑनलाइन व ऑफलाइन 74 कार्यों के लिए आज दोपहर बाद दो बजे तक टेंडर डाले जाएंगे। उसके बाद शाम 4 बजे निविदा खोली जाएगी।

### गीत-संगीत के माध्यम से छह टीमें गिना रहीं सरकार की उपलब्धियां

**अमेठी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की नीतियों और जन कल्याण कारी कार्यों की चर्चा जनता के बीच करने और गीत संगीत के माध्यम से सरकार के पक्ष में माहौल तैयार करने के लिए जिला सूचना कार्यालय की ओर से छः सांस्कृतिक दल नियुक्त किए गए हैं। सभी सांस्कृतिक दल विकास खंड वार गांवों में जाकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। पूरे कुमार शाह भीमी के एक सांस्कृतिक दल ने विकास खंड के सभागार में गीत संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक दल ने स्वच्छ भारत मिशन और समाज कल्याण विभाग की योजनाओं को मुख्य रूप से फोकस किया। गीत-संगीत के प्रस्तुतीकरण के दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत पवन कुमार, एडीओ समाज कल्याण अम्बरीश मिश्र, लाल बहादुर सिंह, संदीप कुमार, कमलेश कुमारी, धनंजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सपा पार्टी युवजन सभा जिलाध्यक्ष बने जावेद खान


जावेद खान।

**अमेठी, अमृत विचार :** जिले के जावेद खान को समाजवादी पार्टी का युवजन सभा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया गया है। जिसको लेकर जिले भर में उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। गौरतलब हो कि सपा के युवजन सभा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि द्वारा सपा के जुझारू और कर्मठ शील के साथ वरिष्ठ समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता जावेद खान पर भरोसा जताते हुए उन्हें अमेठी जिले का जिलाध्यक्ष युवजन सभा मनोनीत किया है। साथ ही जिला कमेटी के विस्तार का निर्देश दिया है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

### राम कथा की शुरुआत पर निकाली गई शोभायात्रा


कलश यात्रा के दौरान कथा प्रेमी। अमृत विचार

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार :** सप्त दिवसीय संगीतमयी राम कथा की शुरुआत पर भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल कर लोगों को भक्ति भाव से जुड़ने का संदेश देते हुए क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। विकास खंड के अंतर्गत स्थित बाजार शुकुल रोड (कोठी पालपुर) स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी अश्वनी कुमार पांडेय के अथक प्रयास से सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा की अमृत वर्षा राष्ट्रीय कथा वाचिका देवी राज नंदिनी अयोध्या धाम द्वारा की जाएगी। इस मौके पर भक्तगणों ने गाजे-बाजे के साथ अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर गाते-झूमते रामलीला मैदान से शुकुल बाजार रोड होते हुए पुलिस बूथ चौराहे तक शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान सुरेश यज्ञसैनी, अंबिका प्रसाद पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, गौरी शंकर, राम शंकर, शिव शंकर, रामू, राजू, बलराम कौशल, कृष्ण मुरारी कौशल, राम हेत वैश्य समेत सुरक्षा में क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार, कोतवाल राकेश सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### नि:शुल्क राशन वितरण आज से

**अमेठी, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा फरवरी माह के राशन वितरण की तिथि जारी कर दी गई है। शेड्यूल के अनुसार 15 फरवरी से 28 फरवरी तक अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को कोटे की दुकानों के माध्यम से नि :शुल्क राशन का वितरण किया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल वितरित किया जाएगा। डीएसओ नीलेश उत्पल ने बताया कि नामित पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में नि :शुल्क राशन वितरित कराया जाएगा। सभी पूर्ति निरीक्षकों को वितरण की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### न्याय यात्रा में शामिल होने अमेठी आएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता


न्याय यात्रा को लेकर बैठक करते जिला व लोकसभा प्रभारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गाँधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अमेठी जनपद में शामिल होंगे। प्रदेश सचिव ने बुधवार को पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिला प्रभारी व प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडे ने कहा कि असम प्रान्त से राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। जिले के कार्यकर्ताओं को इस यात्रा में शामिल होना है। इसके लिए उन्होंने जिले के प्रत्येक विधानसभा को चार सेक्टर में बांटकर प्रभारी नियुक्त किए। फैजाबाद लोकसभा के पार्टी प्रभारी मनोज तिवारी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर जिमेदारी सौंपनी होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव और संचालन कर रहे महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कहा न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्र होंगे। यहीं से सब प्राइवेट व निजी साधनों से अमेठी के लिए रवाना होंगे। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि इस अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, शिवपूजन, राम अवध, इरफान आदि मौजूद रहे।

# वसंतपंचमी पर बच्चों ने की पूजा-अर्चना

मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार :** वसंतपंचमी के अवसर पर क्षेत्र के धरौली गांव स्थित सेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के बच्चों द्वारा मां सरस्वती देवी की पूजा-अर्चना कर विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान सेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती का अभिनय प्रस्तुत कर विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस दौरान धरौली ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान समाज सेवी विनोद कुमार सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों के शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने में विद्यालय परिवार सदैव तत्पर रहने की बात कही। इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य अंजनी कुमार तिवारी द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को सदैव स्वच्छ होकर शिक्षण कार्य करने का मार्ग दर्शन दिया। सेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के प्रबंधक रंजीत कुमार सिंह ने विद्यालय के समस्त बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षण कार्य करने का मार्ग दर्शन दिया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।


मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# शटरिंग लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत


फाइल फोटो।

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार:** थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर के मवैया गांव में शटरिंग का कार्य करते समय 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बुधवार की दोपहर पूरे उपाध्याय मुसाफिरखाना के मजरे कस्थुनी पूरब निवासी अरुण उपाध्याय पुत्र राम अछैबर (45) मवैया गांव थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर में अख्तर के घर शटरिंग करते समय अचानक 11 हजार विद्युत लाइन के तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे आनन फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अरुण उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव का पंचनामा कराकर विधिक कार्यवाही करते हुए औपचारिकता पूर्ण की। वह अपने पीछे पत्नी रेखा उपाध्याय बेटियां स्नेहा, मुस्कान, महक, वैष्णवी तथा पुत्र उमंग को छोड़ गया।

# छिनैती मामले में हुआ समझौता और जांच करती रह गई पुलिस

**संग्रामपुर, अमेठी अमृत विचार :** थाना क्षेत्र सहजीपुर रेलवे स्टेशन समीप रेलवे पुलिया के नीचे से रास्ता पार कर रहे युवक के साथ मंगलवार बाइक सवार दो अभियुक्तों ने युवक को रोककर तमंचे के बल पर नकदी समेत सोने की चेन लूट ली गई थी। पीड़ित ने देर रात थाने पहुंच कर घटना की तहरीर दी तो पुलिस के एक्टिव होते ही आरोपियों ने पीड़ित से मिलकर समझौता कर लिया। संग्रामपुर पुलिस जांच करते ही रह गई।

थाना क्षेत्र के अम्मरपुर निवासी राकेश पटेल प्रतापगढ़ जिले के लोहिया नगर बाजार में एक चिकित्सक की क्लीनिक पर काम करते है। मंगलवार देर शाम वह क्लीनिक पर काम कर बाइक से गांव लौट रहे थे। वह सहजीपुर रेलवे स्टेशन समीप रेलवे पुलिया पार कर ही रहे थे कि रास्ते पर दो अभियुक्तों ने रोक लिया और पीटने लगे। विरोध पर एक अभियुक्त ने पीछे से तमंचा लगा दिया। पांच हजार रुपये व सोने की चेन छीनकर भाग निकले। पुलिस को एक्टिव होता देख आरोपियों ने पीड़ित से समझौता कर मामले को रफा-दफा कर दिया। संग्रामपुर पुलिस घटना की जांच करते रह गई। प्रभारी निरीक्षक श्रीराम ने बताया कि दोनों में किसी बात को लेकर विवाद था। दोनों पक्षों ने घटना को लेकर आपस में समझौता कर कार्रवाई न करने की मांग की गई हैं।

# छात्राओं ने बिखेरी रंगारंग कार्यक्रमों की छटा

**अमेठी, अमृत विचार :** जगदीशपुर के रानीगंज क्षेत्र में मंगलवार को डीजे कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक डॉ. इलमारन जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छात्राओं ने गणेश वंदना ओर स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया। बेटी बचाओ शीर्षक पर एक प्रेरणादायक एकांकी की मार्मिक प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक धर्मजीत सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक मुसाफिरखाना अतुल सिंह व डॉ. आशीष कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि मिश्रा, निदेशक एमडी शुक्ला, समन्वयक संजय मौर्य, एएच इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मान सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**सहूलियत** मरीजों की नि :शुल्क जांच, उपचार व दवा की सुविधा होगी उपलब्ध

# सीएमओ कार्यालय में एनसीडी सेल की हुई स्थापना

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** गंभीर बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमओ कार्यालय में एनसीडी सेल (नान कम्युनिकेबल डिसीज अर्थात असंचारी रोग) स्थापित कराया गया है। इसमें मरीजों को निःशुल्क जांच, उपचार व दवा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खासकर कैंसर, रक्तचाप, मधुमेह व हृदय रोग की जांच होगी।

नान कम्युनिकेबल डिसीज (असंचारी रोग) जो संक्रामक नहीं होते हैं, लेकिन इससे पीड़ित मरीज को समय से बेहतर इलाज नहीं मिल पाता है तो उनकी मौत हो सकती है। ऐसे मरीजों को एनसीडी सेल के माध्यम से जहां नियमित जांच होगी, वहीं उपचार के साथ-साथ दवा की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। यह सेल राष्ट्रीय असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित किए जा रहे हैं। सेल में स्क्रीनिंग के लिए सीएचओ एनसीडी के काउंसलर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी को मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए तैनात कर दिया गया है। एनसीडी सेल में हृदय रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ के साथ नर्सिंग स्टाफ भी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा इस सेल में जांच कराने वाले मरीजों की जांच के लिए जल्द ही प्रयोगशाला भी स्थापित कराई जाएगी जिससे उन्हें जांच के लिए परेशान न होना पड़े। साथ ही कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए कीमो थैरेपी के साथ दवा व उपकरण की सुविधा से लैस करने का कार्य तेज कर दिया गया है।


एनसीडी सेल की स्थापना के दौरान निर्देश देते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

> बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में बने एनसीडी सेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां तैनात स्वास्थ्यकर्मियों व नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि इसका प्रचार-प्रसार किया जाएं जिससे मरीज इस चिकित्सकीय सुविधा का लाभ ले सकेंगे। चिकित्सकीय सुविधा लाभ असंचारी रोग से पीड़ित मरीजों को मिलना शुरू हो जाएगा।
>
> -डॉ. अंशुमान सिंह, सीएमओ, अमेठी

# आयुष्मान कार्डधारकों का उपचार शुरू

अमेठी

**अमृत विचार :** विगत महीनों से अस्पताल की आयुष्मान स्वास्थ्य योजना बाधित थी। विधान सभा सत्र के दौरान सदन में सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने आयुष्मान सुविधा बहाल करने को लेकर सवाल उठाया था कि अमेठी की गरीब जनता बिना इलाज के लिए परेशान है, असुविधा हो रही है। इन्ही सवालों को संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने संजय गांधी अस्पताल में बाधित आयुष्मान योजना को पुनः बहाल कर दिया है। जिससे अब क्षेत्र के आयुष्मान कार्ड धारक मुफ्त उपचार संजय गांधी अस्पताल में करा सकते है। इससे उन्हें लाभ मिलेगा।



मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल।

**केवल भर्ती मरीजों का मुफ्त इलाज कराया जा सकता:** स्थानीय निरीक्षण गृह अमेठी में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल ने बताया कि सरकार की इस पहल का स्वागत करता हूं। आयुष्मान कार्ड से संजय गांधी अस्पताल में इलाज की सुविधा बहाल हो गई है। सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह को नेक काम की बधाई दी है। सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। आयुष्मान कार्ड से इलाज शुरु होने पर ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुटटू, सीओओ अवधेश शर्मा आदि ने खुशी जाहिर की है। कालिका प्रसाद पाण्डेय, अखिलेश शुक्ल, पवन दूबे, अशोक सिंह हिटलर, संजय पाठक, धर्मेंद्र शुक्ल, ओम प्रकाश द्विवेदी, दिवाकर पांडेय, अशोक शुक्ल ने कहा कि जनता की आवाज बुलंद हुई। सरकार ने गरीब मरीजों की आवाज सुनी। संजय गांधी अस्पताल में सभी प्रकार के विभाग सुचारू रूप से कार्यरत है। जैसे मेडिसिन विभाग, जनरल सर्जरी, प्रसूति व महिला रोग, बाल रोग विभाग हड्डी व जोड़ रोग विभाग, दन्त विभाग, डायलिसिस, ब्लड कॉम्पोनेंट सेंटर (प्लेटलेट, प्लाज्मा, पीआरबीसी), पैथोलॉजी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,822.83 | 21,840.0 |
| बढ़त | 267.64 | 96.80 |
| प्रतिशत में | 0.37 | 0.45 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

## आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

### उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

## सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

## इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सिंतबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा



दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आर्कषित किया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 71,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,150-47,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## वित्त मंत्रालय के नियमों एवं शर्तों के बारे में की गई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग की पहली बैठक संपन्न

अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित सोलहवें वित्त आयोग की बुधवार को पहली बैठक संपन्न हुई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस बैठक में आयोग ने भारत की राष्ट्रपति के आदेश और 31 दिसंबर, 2023 को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप अपने नियमों एवं शर्तों के बारे में चर्चा की। मंत्रिमंडल ने संविधान के अध्याय एक, 12वें खंड के तहत संघ और राज्यों के बीच शुद्ध कर आय का वितरण और संबंधित राज्यों की हिस्सेदारी के आधार पर कर आवंटन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दी थी।

इसके अलावा 16वां वित्त आयोग भारत की संचित निधि से राज्यों को राजस्व सहायता अनुदान देने और राज्यों को सहायता अनुदान के जरिये दी जाने वाली राशि तय करने वाले सिद्धांतों पर भी गौर करेगा। निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार आयोग पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों को लेकर राज्य की संचित निधि बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय भी सुझाएगा।

## कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान



**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

# राष्ट्रीय

# 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

## राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, ''देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?

राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

### जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

## कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिवसेना नेता पर गोलीबारी**

**ठाणे।** अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।




नागपुर में बुधवार को हिंदुओं के प्रमुख पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर महिलाओं ने मंदिरों में जाकर मां सरस्वती की पूजा की। इसके बाद मंदिर से निकलीं महिलाओं ने एक-दूसरे टीका करके पर्व की बधाई दी। ● एजेंसी

## एक नजर

### सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

### हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

**जम्मू।** पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

## तमिलनाडु विस में एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित

चेन्नई, एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र के प्रस्ताव को मनमाना कहा



तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को केंद्र की प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और इसे अव्यावहारिक तथा अलोकतांत्रिक करार दिया। विधानसभा ने परिसीमन प्रक्रिया पर भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि अगर इसे अपरिहार्य कारणों से किया भी जाना है तो इस कवायद के लिए 1971 की जनगणना मानदंड होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दोनों प्रस्ताव पेश करते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव को मनमाना करार दिया।

उन्होंने जनगणना (जो लोकसभा चुनावों के बाद आयोजित की जा सकती है) के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद जारी रखने के प्रस्तावित कदम को एक साजिश करार दिया। स्टालिन ने कहा कि इससे तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट आएगी। मार्च 2023 में तत्कालीन केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा में कहा था कि अगली परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के बाद की जा सकती है। स्टालिन ने कहा-एक राष्ट्र, एक चुनाव पूरी तरह अव्यावहारिक और संविधान की मौलिक रूपरेखा के खिलाफ है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संविधान में दी गई गारंटी के पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से राज्य विधानसभाओं को समय से पहले भंग किया जा सकता है जो संविधान के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है तो क्या सभी राज्य विधानसभाओं को भंग किया जाएगा? इसी तरह यदि कुछ राज्यों में सरकारों को निर्धारित कार्यकाल से कम समय तक रहना पड़ा तो क्या केंद्र की सत्ता में बैठे लोग पद छोड़ेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकायों में चुनाव राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और स्थानीय निकाय चुनाव कराने का दावा राज्य के अधिकारों का हनन माना जाएगा।

## मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

## राशन घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) घोटाले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान व्यवसायी विश्वजीत दास के रूप में हुई है। उसे जेल में बंद राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व बोनगांव (उत्तर 24 परगना) नगर पालिका अध्यक्ष शंकर अद्य्या का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राशन घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में कम से कम आठ स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें बिधाननगर थाना क्षेत्र के तहत साल्ट लेक में विश्वजीत का घर भी शामिल था।

## ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

# कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

**सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

### उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार-एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।



# सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

## भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

# एफआईएच प्रो-लीग में भारत का लक्ष्य हैट्रिक

भुवनेश्वर, एजेंसी



एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को लगातार दो जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भी इस मुकाबले में दो जीत के साथ उतरेगी। टीम ने स्पेन को 4-3 और आयरलैंड को 5-0 से मात दी है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अभी सुधार बाकी है। शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलना हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है। फुल्टोन को पता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कितनी मजबूत है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। यह निश्चित रूप से एक कठिन मैच होने वाला है। वे (ऑस्ट्रेलिया) लगातार बड़ी जीत दर्ज कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह लय में है। उन्होंने अब तक तीन गोल किए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार रक्षण के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को भुवनेश्वर चरण में आयरलैंड का सामना करेगी।

## खेल डायरी

### नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

### डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

**लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी।** ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

### भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

### नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर



**बेंगलुरू, एजेंसी।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

# इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

## राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने



विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी



करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

### भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इस बात की संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं।

### क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

# भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा: स्टोक्स

राजकोट, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

### बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।



### मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा

**कोपेनहेगन, एजेंसी।** केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

# राजकोट में चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू : जहीर

नई दिल्ली, एजेंसी



पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का नजारा पेश करते हुए मैच में 9 विकेट चटकाए, जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबरी की। जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। मुख्य मुकाबला बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा।



# बॉलीवुड हलचल

## नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि... 'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला... राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

## नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।

## दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।




## करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

## अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीं इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**





**मंदिर के भव्य शिखर हैं खास:** मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

# सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

भारत-यूएई के रिश्तों में सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी विश्व की सबसे ऊंची इमारत। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।




## कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

## धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।





## एक नजर

### गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

### इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

### ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**दुबई।** ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

## अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

# घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।



### अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

### भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले:** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद की समस्या:** उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप:** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

# पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी



- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

### जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

### इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

**जकार्ता।** मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

### बर्फबारी से 1100 उड़ानें रद...





**न्यूयॉर्क:** अमेरिका के कई हिस्से बर्फीले तूफान की चपेट में हैं। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट प्रांतों में मंगलवार को भीषण बर्फीला तूफान आया। सर्दी के सीजन में इस बर्फीले तूफान में नॉरईस्टर विंटर स्टॉर्म कहा जाता है। इस तूफान की वजह से न्यूयॉर्क में 5 से 8 इंच तक हिमपात हुआ है। न्यूयॉर्क के कैनेडी एयरपोर्ट की 1100 उड़ानों को रद करना पड़ा। साथ ही, न्यूयॉर्क के स्कूल-कॉलेज को भी बंद कर दिया गया है। ● एजेंसी

### भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत: पेंटागन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध को लेकर पेंटागन ने बयान जारी किया है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध बहुत अच्छे हैं।

सबरीना सिंह ने कहा किस क्षेत्र में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी जारी रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों के बारे में पेंटागन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 13 फरवरी से अमेरिका के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने पाकिस्तान में संपन्न हुए चुनाव को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंटागन, पाकिस्तान में चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है। पाकिस्तान में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी की जा रही है। भारतीय सेना में परिवर्तन, वैश्विक खतरे की धारणा, सेना में परिवर्तन-2030/2040, मानव संसाधन चुनौतियां, भविष्य की सेना का विकास और आधुनिकीकरण, और सह-उत्पादन जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

#### जनरल रैंडी जॉर्ज से मुलाकात करेंगे मनोज



रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल रैंडी जॉर्ज, अमेरिका के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा और बातचीत करेंगे।

### युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।



अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

# 43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

**माले।** मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।



## विज्ञान

### नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण


# लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।



लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।


#### रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

# पुतिन नाटो देशों पर हमला करते हैं तो हम रक्षा करेंगे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने ट्रंप के बयान पर कसा तंज, उन्होंने टिप्पणियों को खतरनाक बताया



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हाल ही में अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों की खतरनाक बताते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह संगठन अमेरिका के लिए पवित्र प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं और यदि पुतिन नाटो में शामिल किसी भी देश पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेगा। अभी हाल ही में दक्षिण कैरोलिना में एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने को कहेंगे अन्यथा उन देशों पर आक्रमण करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जब अमेरिका जबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो हम उसे निभाते हैं और नाटो हमारे लिए पवित्र प्रतिबद्धता है। हालांकि ट्रंप इसे बोझ के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह नाटो को देखते हैं तो उन्हें अमेरिका और पूरी दुनिया की रक्षा करने वाला गठबंधन नहीं दिखता है।